जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 44 संख्याः 321 प्रभात बीकानेर, शुक्रवार 16 जून, 2023 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.



*जंगल में आग लग जाए तो जानवरों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है पर आग के बाद समृद्ध जैवविविधता (बायोडायवर्सिटी) वाले नए इकोसिस्टम का विस्तार भी होता है। कैलिफोर्निया के जले हुए जंगलों में ब्लैक कैप्ड वुडपैकर्स (कठफोड़वा की एक प्रजाति) की उपस्थिति सर्वव्यापी है। आग लगने के बाद जो विविधतापूर्ण लैण्डस्केप बचता है उसका सबसे ज्यादा फायदा पक्षियों को ही होता है। जले हुए और मृत वृक्षों में छेद करके बीटल्स (कीड़े) घर बनाते हैं और पक्षी उन्हें खाते हैं। यही नहीं, वुडपैकर्स का योगदान भी महत्वपूर्ण है, ये अन्य प्रजातियों के लिए जगह बनाते हैं। पक्षी व छोटे स्तनपायी, वुडपैकर्स द्वारा त्यागी गई प्रजनन साइट का इस्तेमाल करते हैं। तथापि, फायर रिकवरी ऑपरेशन्स में वुडपैकर्स की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी जाती है। जले हुए जंगल को रिवाइव करने की जल्दबाजी में अधिकारी और फायर मैनेजर्स को यह डेटा एकत्रित करने में बहुत मुश्किल होती है कि, पक्षी कहाँ पर हैं। फिर, अधजले पेड़ों को छांटने आदि की जो कार्यवाही होती है उससे इन पक्षियों पर प्रभाव पड़ता है, इनके आवास नष्ट हो जाते हैं। कॉर्नैल लैब ऑफ ऑनिथॉलजी एवं कॉर्नैल एटकिन्सन सैंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी के पोस्ट डॉक्टर फैलो एण्ड्रू स्टिलमैन ने कहा कि, कई इकोसिस्टम्स में आग लगने के हालात से जानवरों ने अनुकूलन कर लिया है। स्टिलमैन व उनकी टीम ने एक ऑनलाइन टूल बनाया है जो जले हुए जंगल में ब्लैक बैक्ड वुडपैकर की मौजूदगी के बारे में बताता है। इस टूल की मदद से अधिकारियों को यह पता लगेगा कि किस जगह वुडपैकर्स की संख्या ज्यादा है तथा इस जानकारी के बाद उन क्षेत्रों से जले पेड़ नहीं हटाए जाएंगे। इकोलॉजिकल एप्लीकेशन्स जर्नल में मार्च 2023 में छपे एक शोध, जिसके सहलेखक स्टिलमैन हैं, में पाया गया कि, वयस्क वुडपैकर्स उन वृक्षों पर घर बनाते हैं जो ज्यादा जले हों, और लगभग मर चुके वृक्षों के पास ही ये भोजन ढूंढते हैं। पर, अगर ये सारा समय ज्यादा जले वृक्षों के पास ही बिताते हैं तो उनके बच्चों के जिंदा रहने की संभावना कम हो जाती है, इसलिए इन्हें कम जले हुए वृक्षों की भी जरुरत होती है। टूल में ये सब नतीजे हैं, जिनसे अधिकारियों को लाभ हो सकता है।*

# राहुल गांधी क्या ए.आई.सी.सी. के पुनर्गठन में कोई पद लेंगे?

## प्रियंका गांधी का क्या होगा? क्या वे ''स्टार प्रचारक'' की भूमिका से ही संतुष्ट रहेंगी तथा कोई अन्य पद और जिम्मेवारी लेंगी?

- अगर राहुल गांधी कोई पद नहीं लेंगे तो उनका ऑफिस कहाँ होगा?
- प्रियंका गांधी क्या यू.पी. की जिम्मेवारी छोड़ेंगी, क्योंकि स्वयं भी एम.पी. का चुनाव लड़ना चाहती हैं।
- तीसरा सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न ए.आई.सी.सी. के पुनर्गठन में के.सी. वेणु गोपाल के बारे में है? क्या खड़गे उन्हें ए.आई.सी.सी. के संगठन इन्चार्ज के पद से हटा पाएंगे?
- सुरजेवाला, वेणु गोपाल का पद लेने के लिये लालायित हैं।
- केरल के संदर्भ में खड़गे का ''कास्ट'' समीकरण बिठाना भी मुश्किल है। तीन उम्मीदवार हैं, वेणु गोपाल, रमेश चन्निथाला व शशि थरूर, तीनों ''नायर'' हैं, अतः किसको बनायें, किसको नहीं बनायें कठिन सवाल है।
- पर, लोग उम्मीद करते हैं कि, खड़गे विशाल हृदयता दिखायेंगे तथा थरूर, जो उनके खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़े थे, को सी.डब्ल्यु.सी. का सदस्य बनायेंगे।
- अभी काफी अनिश्चितताएं हैं, राहुल गांधी के आने के बाद, कुछ स्थति साफ होगी?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जून। ए.आई.सी.सी. और विभिन्न राज्य इकाइयों में होने वाले फेरबदल को लेकर अटकलें और अनुमान तेज होते जा रहे हैं, साथ ही डिबेटिंग लिस्ट पर प्रश्नों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

इन प्रश्नों में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है- राहुल गांधी की भूमिका क्या होगी तथा वे ए.आई.सी.सी. में कोई पद लेंगे या नहीं?

प्रियंका गांधी की स्थिति क्या रहेगी? उनकी भूमिका और पद क्या होंगे?

तीसरा सर्वाधिक चर्चित प्रश्न जिस व्यक्ति को लेकर है, वे हैं ए.आई.सी.सी. महासचिव तथा संगठन प्रभारी के.सी. वेणुगोपाल, जो राहुल गांधी के दाएं हाथ माने जाते हैं। क्या वे इस पद पर बने रहेंगे या खड़गे उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने में सफल हो जायेंगे?

रणदीप सिंह सुरजेवाला पदोन्नति पाने तथा वेणुगोपाल के पद पर आने के लिये जबरदस्त लामबंदी कर रहे हैं, किन्तु साफ बात यह है कि राहुल इस बात पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

पार्टी केरल से रमेश चेन्निथला, शशि थरुर को समायोजित करना चाहती है तथा वेणुगोपाल तो पहले से ही मौजूद हैं। ये तीनों ही ''नैयर'' जाति से हैं तथा इसलिये जातिगत समीकरणों को संतुलित करने में मुश्किल आ रही है।

खड़गे के लिये यह दिखाना जरुरी है कि उनका दिल बहुत बड़ा है, इसलिये उनके लिये शशि थरुर को सी.डब्ल्यू.सी. में समायोजित करना जरूरी है लेकिन जातिगत समीकरण बहुत बड़ी समस्या सिद्ध हो रहे हैं।

राहुल गांधी ने स्वयं महात्मा गांधी के स्तर तक ऊपर उठा लिया है तथा वे पदों से परे एवं ऊपर हो गये हैं। वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि वे सत्ता के पीछे की सत्ता होंगे।

लेकिन अब राहुल 10 जनपथ पहुँच गये तथा अपनी माँ के साथ रहते हैं। सोनिया, प्रियंका तथा राहुल तीनों के दफ्तर भी 10 जनपथ में ही हैं।

सूत्रों का कहना है कि राहुल अब किसी दफ्तर की तलाश में हैं क्योंकि उनके पास ए.आई.सी.सी. का कोई पद नहीं होने के कारण, उन्हें पार्टी मुख्यालय में कोई दफ्तर नहीं मिलेगा।

प्रियंका गांधी अब स्टार प्रचारक हैं। लेकिन वे चुनाव भी लड़ना चाहती हैं। ऐसी स्थिति में, क्या वे उत्तर प्रदेश का प्रभार छोड़ देंगी तथा संगठन में कोई बड़ी भूमिका लेंगी, या फिर वे सांसद बनने पर ध्यान केन्द्रित करेंगी। प्रश्न बहुत सारे हैं किन्तु एक साफ और सटीक उत्तर किसी प्रश्न का नहीं हैं। पत्रकार अटकलें लगाने में लगे हुये हैं लेकिन अभी तक कोई

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# एक साल में चीन में शादियों की संख्या में 10 प्रतिशत कमी हुई!

## क्यों युवाओं में शादी की परम्परा अपनाने में इतनी अरूचि बढ़ रही है?

- कोविड के दौरान, चीन की सरकार ने बहुत प्रतिबंध लगाये नागरिकों पर। कई दर्दनाक घटनाएं साक्षी हैं, नागरिक तथा उनकी मानसिक स्थिति पर भारी प्रभाव पड़ा है, उनके मन में एक सवाल क्रौंध रहा है कि, सरकार इतनी आसानी से नागरिकों की स्वतंत्रता नष्ट कर सकती है, तो ऐसी मजबूरी की जिन्दगी अपने बच्चों को देना कहां तक ठीक है?
- दूसरा, बड़ा कारण है, युवतियाँ अपने करियर में आगे बढ़ रही हैं, क्योंकि इकोनॉमिक गतिविधि बढ़ने से युवतियों को आकर्षक अवसर मिल रहे हैं, जीवन में आगे बढ़ने के लिये। वे इस समृद्धि की उड़ान में परिवार की जिम्मेवारियों का ''एक्स्ट्रा बैगेज'' नहीं चाहतीं।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जून। चीन नई सुपर पावर बनने की दिशा में अमेरिका से प्रतिस्पर्धा कर रहा है लेकिन देश के भीतर यह युवा पीढ़ी के साथ गंभीर समस्या का सामना कर रहा है, जो कि पारम्परिक सामाजिक नियमों से मुंह फेर रहे हैं।

चीन में विवाह होने कम हो गए हैं। चीन के पास अपने नागरिकों की जानकारी एकत्रित करने की बड़ी ही सक्षम मशीनरी है। नवीनतम मैरिज रजिस्ट्रेशन आँकड़ों से पता चला है कि बहुत कम विवाह संपन्न हुए हैं। इसका असर चीनी डेमौग्रैफिक्स पर पड़ रहा है।

चीन में जो कुछ भी हो रहा है वह संपूर्ण सामाजिक परिवर्तन व युवा पीढ़ी की प्राथमिकताओं में बदलाव का संकेत है। नवीनतम आंकडे बताते है कि वर्ष 2022 में 6.83 लाख जोड़ों ने ही शादी की जो कि इससे पूर्व वर्ष की संख्या 7.63 लाख से काफी कम है। इसके अलावा शादी की औसत आयु भी बढ़ रही हैं। एक वर्ष में शादी के आंकड़ों में 10 प्रतिशत की कमी चिंता का विषय है और इसके अवश्य ही गहरे अंतर्निहित कारण हैं।

कुछ लोग इसके लिए कोविड काल में आम आदमी के ट्रामा को जिम्मेवार ठहरा रहे है। उस समय राज्य सरकार ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को पूरी तरह खत्म कर दिया था लोगों का घर से बाहर निकलना तक बंद कर दिया था।

एक उदाहरण तो बेहद दर्दनाक है, जब तक ऊंची इमारत में आग लगने से वहां रह रहे लोग जलकर मर गए, क्योंकि कोविड प्रतिबंधों की वजह से फायर ब्रिगेड वाले आग बुझाने नहीं आ सके थे। इस घटना ने सामाजिक संवेदनशीलता पर ऐसा दाग लगाया जो

(शेष पृष्ठ 5 पर)

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# ''कैंसलेशन रिपोर्ट'' से बृज भूषण को राहत

- दिल्ली पुलिस ने रैसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ पोक्सो केस में दर्ज रिपोर्ट रद्द करने की सिफारिश की है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जून। दिल्ली पुलिस ने पोक्सो केस की गहन जांच पूरी कर लेने के बाद, पटियाला हाउस कोर्ट में 550 पृष्ठों की कैन्सिलेशन रिपोर्ट गुरूवार को पेश कर दी। पुलिस ने कहा कि उसके द्वारा की गई जांच नाबालिग लड़की तथा उसके पिता के बयानों पर आधारित है।

खेल मंत्रालय ने जनवरी में एक आंतरिक कमेटी गठित कर दी थी। इस कमेटी ने मार्च में अपनी रिपोर्ट दे दी थी, जिसे महिला पहलवानों ने खारिज कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय के

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# यूनिफॉर्म सिविल कोड के मुद्दों को भी चर्चा में क्यों लाया गया है?

## कांग्रेस का कहना है, यह चर्चा पुनः जागृत करना दर्शाता है कि, मोदी सरकार हताश है

- कांग्रेस के अनुसार हताश होकर भाजपा सरकार पुनः साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का प्रयास कर रही है, जिससे सरकार की कमियों व खामियों पर ज्यादा ध्यान नहीं जाये।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जून। कांग्रेस ने आज आरोप लगाया कि भारत के विधि आयोग द्वारा ''समान नागरिक संहिता'' (यूनिफॉर्म सिविल कोड) पर जनता तथा धार्मिक संगठनों के विचार आमंत्रित करने की कोशिश दर्शा रही है कि, नरेन्द्र मोदी सरकार ध्रुवीकरण तथा ''स्पष्ट दिखाई दे रही असफलताओं'' से लोगों का ध्यान हटाने के अपने एजेंडा को ''विधि सम्मत औचित्य'' देने के लिए व्यग्र है।

मुख्य विपक्षी दल ने कहा है कि 22वें विधि आयोग के बयान ने बुधवार को यह स्पष्ट कर दिया है कि, ऐसा कानून एवं न्याय मंत्रालय द्वारा भेजे गये निर्देशन (रेफरेंस) पर किया जा रहा है।

कांग्रेस के कम्यूनिकेशन प्रमुख जयराम रमेश ने एक बयान में कहा ''विचित्र बात है कि विधि आयोग एक नया रेफरेंस मांग रहा है, जबकि अपनी प्रैस विज्ञप्ति में इसने यह स्वीकार किया है कि इसके पूववर्ती 21वें विधि आयोग ने अगस्त 2018 में इस विषय पर एक कन्सल्टेशन पेपर प्रकाशित किया था। इस बात का कोई कारण नहीं दिया गया है कि यह विषय फिर से क्यों उठाया जा रहा है, सिवाय इसके कि, इसकी प्रासंगिकता के कुछ अस्पष्ट संदर्भ, इस विषय के महत्व तथा विभिन्न अदालतों के हवाले मात्र दिये गये हैं।''

रमेश ने दृढ़तापूर्वक कहा कि इसका असली कारण यह है कि 21वें विधि आयोग ने, इस विषय की विस्तृत एवं व्यापक समीक्षा करने के बाद, कहा था कि, ''इस स्थिति (स्टेज) में'' समान नागरिक संहिता लाना ''न तो आवश्यक है और न वांछनीय।''

रमेश ने कहा, ''यह नई कोशिश मोदी सरकार के ध्रुवीकरण एवं इसकी साफ दिखाई दे रही असफलताओं से ध्यान हटाने के इसके सतत एजेंडा के वैध औचित्य के लिये सरकार की हताशा का प्रतिनिधित्व कर रही है।''

तथ्य यह है कि 21वें विधि आयोग, जिसकी नियुक्ति मोदी सरकार

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# गुजरात भाजपा प्रमुख को लोकसभा चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जून। गुजरात भाजपा के प्रमुख सी.आर. पाटिल, जो लगातार तीन बार नवसारी से सांसद हैं, को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा

- सूत्रों के अनुसार, गुजरात भाजपा प्रमुख सी.आर. पाटिल को आम चुनावों में यू.पी., राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, हरियाणा जैसे राज्यों की जिम्मेवारी दी जा सकती है। बताया जाता है कि, प्र.मंत्री मोदी पाटिल के काम से बेहद खुश हैं।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# घबराइये नहीं, हवाई यात्रा के दौरान अनियंत्रित आचरण की घटनाएं पूरे विश्व में बढ़ रही हैं, केवल भारत में नहीं

## मास्क लगाने की अनिवार्यता हटने के बाद, एक बार तो ऐसी घटनाओं में कुछ समय के लिये कमी आयी थी

- पर, फिर संख्या काफी तीव्र गति से बढ़ी। वर्ष 2022 के अंत तक वर्ष 2021 की तुलना में इन घटनाओं में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- एयर लाइन्स विशेषज्ञों का मानना है कि, घटनाओं का एक बड़ा कारण है, फ्लाइट पकड़ने से पहले एयरपोर्ट के बार रेस्टोरैंट आदि में मदिरा का भारी सेवन या फिर हवाई जहाज में बैठने के बाद, यात्रियों द्वारा प्राइवेट बोतल से शराब पीना।
- विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि, अनियंत्रित आचरण का कितना भारी खामियाज़ा भुगतना पड़ सकता है, इस बात का खूब प्रचार हो, तो शायद ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति काफी कम हो सकती है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जून। भारत में हवाई यात्रियों की उद्दंडता की घटनाओं के हालिया वृद्धि का रूझान पूरे विश्व में देखा गया है। यह जानकारी मिली है इंटरनैशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आई.ए.टी.ए.) द्वारा एकत्रित डेटा से।

वर्ष 2021 में प्रति एक हजार उड़ानों में यह दर 1.2 थी अर्थात दर 835 उड़ानों में एक घटना हुई। यह दर वर्ष 2022 में बढ़कर 1.76 हो गई अर्थात हर 568 उड़ान पर एक घटना। चालक दल के निर्देश नहीं मानता सबसे आम उद्दंडता है। वर्ष 2021 में प्रति 1000 उड़ान में यह रेट 0.224 प्रतिशत थी जो 2022 में बढ़कर 0.307 प्रतिशत हो गई।

गाली-गलौच व धक्का-मुक्की की घटनाएं भी 2022 में बढ़ी हैं। विमानों, खराब व्यवहार की समस्या से निपटने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कानूनी निरोधक घटनाओं की बेहतर रोकथाम व प्रबंधन पर ज्यादा ध्यान देना होगा।

एयर लाइन्स एवं सरकारें इन घटनाओं में वृद्धि व बदतमीजी की गंभीरता को लेकर चिंतित है। इन घटनाओं में चालक दल और अन्य यात्रियों के साथ हिंसा, उत्पीड़न, गाली-गलौच, धूम्रपान, सुरक्षा व सार्वजनिक स्वास्थ्य के निर्देशों का पालन नहीं करना व अन्य प्रकार का दुर्व्यवहार।

यद्यपि इस तरह का व्यवहार कुछ ही यात्री करते है, पर इसका असर बहुतों पर पड़ता है। यह दूसरों को असुविधा पैदा कर सकते हैं, अन्य यात्रियों के स्वास्थ्य सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं, उड़ान संचालन में व्यवधान पैदा कर सकते हैं।

महामारी के बाद इस तरह के व्यवहार में हुई वृद्धि को देखकर आई.ए.टी.ए. ने ज्यादा देशों से कहा है कि ऐसे यात्रियों पर मॉंट्रियल प्रोटोकॉल 2014 (एम.पी. 14) के तहत मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

वर्ष 2022 में घटनाओं के वर्गीकरण में सबसे आम थी, बात नहीं मानना, गाली-गलौच करना, नशा करना आदि, मार पीट की घटनाएं कम हैं, पर इनमें चिंताजनक वृद्धि हो रही है। वर्ष 2021 के मुकाबले 2022 में इन घटनाओं में 61 प्रतिशत वृद्धि हुई है। आई.ए.टी.ए. के डिप्टी डायरैक्टर कोनरॉड क्लिफर्ड ने कहा कि यात्रियों के उद्दण्ड व्यवहार में वृद्धि एक चिंताजनक तथ्य है। यात्री व चालक दल को उड़ान के दौरान शांत व सुरक्षित अनुभव का अधिकार है। इसके लिए यात्रियों का चालक दल के निर्देश मानने चाहिए। हमारे पेशेवर कर्मचारी उद्दण्ड यात्रियों से निपटने में दक्ष होते हैं, पर यह बात स्वीकार्य नहीं है कि नियम सभी की सुरक्षा के लिए पर कुछ लोग लगातार इनका उल्लंघन करते है और नियम नहीं मानने के लिए कोई बहाना नहीं चलेगा।

हवाई यात्रा में वृद्धि के साथ यह

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# 'हिंसा ग्रस्त मणिपुर सेना के सुपुर्द किया जाए'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जून। ट्राइबल फोरम ने गुरुवार को एक नई इन्टरलोक्यूटरी अपील (आई.ए.) लगाकर, सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि वह भारतीय सेना को निर्देश दे कि सेना दंगा पीड़ित मणिपुर को पूरी तरह अपने नियंत्रण में ले ले। फोरम ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं मुख्यमंत्री के आश्वासन तो निरर्थक हैं क्योंकि ये दोनों

- मणिपुर के एक ट्राइबल फोरम ने सुप्रीम कोर्ट से यह अपील की है और आरोप लगाया है कि, केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री कुकी आदिवासियों को खत्म करने के साम्प्रदायिक एजेंडा पर काम कर रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## विचार बिन्दु

**मन एक भीरु शत्रु है जो सदैव पीठ के पीछे से वार करता है। –प्रेमचंद**

# आपको क्यों संदेह है कि भारत में लोकतंत्र नहीं है?

भारत देश का अपना संविधान है, जिसे 'भारत का संविधान' कहा जाता है। इस संविधान को भारत के लोगों ने बनाया है। इस संविधान को भारत के लोगों ने ही 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत, अधिनियत किया है तथा भारत के लोगों को आत्मार्पित किया है। संविधान इसलिये बनाया है कि भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणतंत्र बनाया जावे और देश के लोगों ने ही, इस भारत देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय देने का वायदा किया है। विचार, अभिव्यक्ति, धर्म, विश्वास और उपासना की स्वतंत्रता दी। प्रतिष्ठता और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा सब लोगों में व्यक्ति की गरिमा तथा राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कर बन्धुता बढ़ाने के लिये दृढ संकल्प होकर भारत लोकतंत्र को बनाया। लोकतंत्र के सभी लोग स्वयं अपने को स्वामी मानते हैं। देश के लोग संघर्ष के स्थान पर विचार विमर्श को ठीक मानते हैं कारतूसों की पेटी के स्थान पर मतपेटी का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार लोकतंत्रात्मक राज्य व्यवस्था हमारे संविधान की बुनियादी व्यवस्था बन गई है। हमने प्रतिनिधिक संसदीय लोकतंत्र को अपनाया है।

उद्देशिका में प्रयोग में लाये गये समाजवादी धर्म निरपेक्ष आदि शब्दों से यह स्पष्ट होता है कि उद्देशिका के उद्दात्त और गरिमामय शब्द भारत के समूचे संविधान के सारांश, दर्शन आदि से यह निष्कर्ष निकलता है कि उद्देशिका में संविधान की कुछ ऐसी बुनियादी विशेषतायें अन्तर्निहित हैं जिनके बावत संविधान का संशोधन नहीं हो सकता।

भारत देश एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। हमें गर्व है हम लोकतंत्र देश के नागरिक हैं। जहाँ अभिव्यक्ति तथा अपने धर्म को मानने की स्वतंत्रता है। समता, समानता व समरसता से हमारी बन्धुता जुडी हुई है। हम आपस में लड सकते हैं, किन्तु दुश्मन के लिये एक हैं।

संविधान में भारत के प्रत्येक नागरिक के मूल कर्त्तव्य दिये हैं। इस प्रकार नागरिकों को जहाँ मूल अधिकार दिये हैं वहीं मूल कर्त्तव्य भी हैं। संविधान के अनुच्छेद 51क में अभिव्यक्त किया है कि प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा कि वह संविधान की पालना करे और उसके आदर्श, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करेगा। प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा कि वह हिंसा से दूर रहेगा और राज्य की सम्पत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाये। भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे। सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्व समझे और उसका परीक्षण करे आदि।

देश के कुछ राज्यों की असेम्बलियों के चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव के दंगल की छवि स्पष्ट होने जा रही है। मोदी बनाम अन्य दल चुनाव के दंगल की विशेषता होगा। 23 जून 2023 को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में 18 दलों की सहमति प्राप्त हो चुकी है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है।

देश की अर्थ व्यवस्था वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार दुनियां में 5वें नम्बर पर है। अर्थ व्यवस्था का आकार 3.75 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। वित्त मंत्रालय की सूचना के अनुसार 2023 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है। कई पडोसी देश कर्जे के बोझ से डूब रहे हैं, भारत लोकतंत्र सिर ऊँचा कर खडा था।

राज्य कर्जे के आधार पर मुफ्त की योजनाओं पर रेवडी कल्चर लागू है। सरकारें कर्ज लेकर घी पी रही हैं और पिला रही हैं। लोगों को बिजली मुफ्त मिलेगी। प्रत्येक राज्य में अलग-अलग तरह की रेवडिया मुफ्त में मिलेंगी। राजस्थान राज्य में 100 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी इसकी सूचना दी जा चुकी है। लुभावनी योजनाओं की घोषणायें होने जा रही हैं। किस-किस रूप में ये रेवडियां प्राप्त होंगी यह वर्णन करना कठिन है। राज्यों की आर्थिक स्थिति सही नहीं है फिर भी पंजाब, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान आदि के मतदाताओं को ये राज्य कर्ज के सहारे मुफ्त की योजनायें लागू कर चुके हैं और करेंगे। मतदाता को रिझाने के वास्ते मुफ्त बिजली, पानी, सस्ता गैस सिलिन्डर, मुफ्त राशन, बस में महिलाओं को फ्री सफर, वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त तीर्थ यात्रा, सस्ता भोजन, कृषि ऋण, कर्जों की माफी आदि हैं। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार 28 राज्यों की औसतन 43 प्रतिशत देनदारी बढ़ी है। मध्यप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, राजस्थान, सिक्किम पर आर्थिक देनदारी है। जीएसडीपी के मुकाबले कर्जा अधिक है। राजस्थान में ही घरेलू और कृषि बिजली माफी (फ्री) करने पर एक अनुमान के सहारे 23 हजार करोड का वित्तीय भार पडेगा।

> **दोनों पार्टियों यानी भारतीय जनता पार्टी व राहुलजी द्वारा विपक्ष को जोडकर मजबूत विपक्ष बनाकर जो भाषण बाजी हो रही है उसका स्तर बहुत नीचे गिर चुका है। भारत का लोकतंत्र मजबूत है। जहां सब देशों की आर्थिक स्थिति कमजोर है वहीं भारत की स्थिति खतरे से दूर है। भारत प्रगतिशील है, उसकी प्रगति को रोका नहीं जा सकता।**

मोदी की तारीफ करने पर ही दूसरे व्यक्ति पर कार ही चढ़ा दी, उसकी मौत हो गई। यह घटना मिर्जापुर की है। यह भारत लोकतंत्र की विशेषता है कि विपक्ष को सरकार को गाली निकालने की पूरी आजादी है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिनांक 21.05.2023 को निर्णय दिया है कि दिल्ली में सरकारी अफसरों पर सरकार का ही नियंत्रण रहेगा। पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और जमीन को छोडकर उपराज्यपाल बाकी मामलों में दिल्ली सरकार की सलाह से काम करेंगे। केन्द्र सरकार ने एक अध्यादेश दिनांक 19 मई, 2023 को लाकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निरस्त कर दिया। सीएम केजरीवाल ने केन्द्र सरकार को घेरने का प्रयत्न किया है। उनका कहना है कि 140 करोड लोग साथ लेकर व अध्यादेश निरस्त करायें। केजरीवाल ने कहा कि लोकतंत्र समाप्त हो रहा है। राहुलजी ने विदेशों में इसी बात को कहा है कि भारत में लोकतंत्र नहीं रहा है। केजरीवाल ने कहा तानाशाही और हिटलर शाही इसी को कहते हैं। भाजपा ने आरोप लगाया राहुलजी ने केन्द्र सरकार को नीचा दिखाने का पूरा प्रयत्न किया है। भाजपा ने कहा इसका कोई असर अमरीका के शासन पर नहीं है, क्योंकि मोदी को अमरीका की संसद में सम्बोधन के लिये आमंत्रित किया है।

राहुलजी व केजरीवाल का कथन संविधान के प्रियम्बल व मूल अधिकारों के विरूद्ध है। विरोध में भी लोकतंत्र निखर रहा है।

दोनों पार्टियों यानी भारतीय जनता पार्टी व राहुलजी द्वारा विपक्ष को जोडकर मजबूत विपक्ष बनाकर जो भाषण बाजी हो रही है उसका स्तर बहुत नीचे गिर चुका है। भारत का लोकतंत्र मजबूत है। जहां सब देशों की आर्थिक स्थिति कमजोर है वहीं भारत की स्थिति खतरे से दूर है। भारत प्रगतिशील है, उसकी प्रगति को रोका नहीं जा सकता। भारत ने अपने कार्य के आधार पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यश प्राप्त किया है। चांद पर पहुंचने की तैयारी कर चुका है।

देशद्रोह (Sedition) अर्थात् धारा 124ए की वैधानिकता पर माननीय सुप्रीम कोर्ट विचार कर रही है। विधि आयोग ने अपनी 279th Report on Usage of the Law of Sedition, लेखक की अपनी राय है कि धारा 124ए आईपीसी प्रत्यक्षतः आर्टिकल 13 व अनुच्छेद 19(1)(ए) यानी फ्री स्पीच के अधिकार के विरूद्ध है। विधि आयोग विधिक पोस्ट है, अतः उसकी रिपोर्ट अन्तिम नहीं हो सकती। सुप्रीम कोर्ट में बहस के समय विधि आयोग की रिपोर्ट के साथ केन्द्र सरकार के आदेश पर विचार होगा। यों भी रिपोर्ट पर अन्तिम निर्णय स्टेक होल्डर को सुनकर ही दिया जावेगा।

धारा 124क आईपीसी कॉलोनियल रिजीम का है, जब देश पर अंग्रेजो का राज था और अंग्रेजों के हेतु हम स्लेव से कम नहीं थे। गांधी, तिलक आदि देश के सर्वोच्च नेताओं को धारा 124क के तहत राज्यद्रोह का मुकदमा चला था और उन्हें सजा हुई। देश के लिये यह गांधी की अवमानना थी और देश के लिये कलंक। अतः धारा 124क को अवैध घोषित करना चाहिये। क्या हम कलंक को धो नहीं सकते? पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना का Dessent निर्णय है। वह इस प्रकार है :-

"The rigours of Section 124A of IPC is not in tune with the current social milieu, and was intended for a time when this country was under the colonial regime."

आज का भारत दुनियां का सबसे बडा लोकतंत्र है यानी लोकतंत्र गणराज्य है। इसे लोकतंत्र नहीं मानना केवल मात्र कहने वालों की भूल है।

भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। हमें देश का नागरिक होने पर गर्व है। ऐसी धारा को (124ए को) जिसके तहत् राष्ट्रपिता बापू को राजद्रोह के अपराध की सजा दी गई, भारतीय दण्ड संहिता में स्वतंत्रता के बाद रखना, अपमान जनक है। इस कलंक को मिटाना हमारा धर्म है। भारत लोकतंत्र है यहां सरकार का तख्ता पलट नहीं किया जा सकता। यहां अपने ही लोगों का राज है, वह भी अपने ही लोगों द्वारा तथा अपने ही लोगों पर। राजद्रोह (Sedition) यानी तख्ता पलट यहां नहीं हो सकता। चुनाव में अपनी ही सरकार गिरेगी व अपने ही लोग नई सरकार बनायेंगे।

झंडा ऊँचा रहे हमारा। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा।।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# क्रूरता कायमः राजस्थान सरकार की विवादास्पद गाय नीति




मरियम अबूहैदरी

**परिचयः–** राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में लंपी के दौरान मरने वाली प्रत्येक गाय के लिए 40,000 रुपये की पर्याप्त राशि प्रदान करने के निर्णय ने एक तीखी बहस छेड़ दी है। जबकि सतही तौर पर यह एक नेक फैसला लग सकता है, मगर करीबी जांच से पता चलता है कि यह नीति न केवल गुमराह करने वाली बल्कि क्रूरता के चक्र को कायम रखती है। ऐसी भूमि में जहां गायों की पूजा की जाती है, यह देखना निराशाजनक है कि सरकार ऐसी नीति का समर्थन और अनुसरण कर रही है जो पशु कल्याण की उपेक्षा करती है और कृत्रिम गर्भाधान और डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता जैसी महत्वपूर्ण चिंताओं को दूर करने में विफल रहती है।

**क्रूरता को बनाए रखनाः** राजस्थान सरकार की नीति में प्राथमिक दोष गायों की मौत के मूल कारण को दूर करने में उसकी विफलता है। ये मासूम जानवर अपने मालिकों की गैर जिम्मेदारी का शिकार हो रहे हैं, क्योंकि उन्हें कूड़े कचरे में खाने के लिए छोड़ दिया जाता है जिससे पॉलीथीन पेट में भर जाने और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कम हो जाने से गायों की मौत हो जाती है। जिम्मेदार पशुपालन को बढ़ावा देने और गायों के लिए रहने की स्थिति में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सरकार ने इन जानवरों की मौत को वित्तीय मुआवजे के साथ पुरस्कृत करने का विकल्प चुना है। यह दृष्टिकोण न केवल क्रूरता के दुष्चक्र को प्रोत्साहित करता है बल्कि पशु कल्याण के मौलिक सिद्धांतों की भी अवहेलना करता है।

**कृत्रिम गर्भाधान की क्रूरताः** इस नीति का एक अन्य पहलू जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है कृत्रिम गर्भाधान के लिए सरकार का समर्थन। हालांकि इसे प्रजनन उद्देश्यों के लिए तकनीकी प्रगति के रूप में माना जा सकता है, कृत्रिम गर्भाधान गंभीर नैतिक चिंताओं को जन्म देता है। इसमें अक्सर ऐसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं जो गायों को असुविधा और दर्द पैदा करती हैं। इसके अलावा, इन जानवरों को मात्र उत्पादन इकाइयों के रूप में माना जाता है, उनकी प्राकृतिक प्रजनन प्रणाली में मानव स्वार्थ के लिए हेरफेर किया जाता है। इस तरह के कार्य इन मूक प्राणियों के कल्याण और प्राकृतिक प्रवृत्ति की घोर अवहेलना करते हैं।

**नर बछड़ों की उपेक्षा और गुणवत्ता नियंत्रणः** अधिकतम दूध उत्पादन के चक्कर में राजस्थान सरकार नर बछड़ों के हश्र को भूल गई है। डेयरी उद्योग अक्सर उन्हें अधिशेष के रूप में देखता है और अपने स्वार्थ के लिए बिना ये विचारे के इनका क्या भविष्य होगा,उन्हें त्याग देता है। आर्थिक रूप से अव्यवहार्य समझे जाने वाले इन बछड़ों को अकल्पनीय पीड़ा का सामना करना पड़ता है और अक्सर इनका एक दुखद अंत होता है। नर बछड़ों की भलाई की उपेक्षा करने वाली नीति का समर्थन करके, सरकार और अधिक क्रूरता और अन्याय को बढ़ावा देने में मिलीभगत कर रही है।

इसके अतिरिक्त, डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर सरकार का ध्यान न देना चिंताजनक है। कृत्रिम गर्भाधान और गहन प्रजनन तकनीक के मानक बनने के साथ, जनता द्वारा उपभोग किए जाने वाले दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में सवाल उठते हैं। सरकार के लिए अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। हालाँकि, यह किसी भी कीमत पर डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देने के पक्ष में एक अनदेखा पहलू प्रतीत होता है।

**गलत प्राथमिकताएंः** जहां राजस्थान सरकार गायों से संबंधित नीतियों का समर्थन करने में व्यस्त है, वहीं मौजूदा पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों और कृषि महाविद्यालयों की बिगड़ती स्थिति चिंता का विषय है। एक नए पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय और सात कृषि महाविद्यालयों की स्थापना के लिए धन आवंटित करने वाला राज्य का बजट सरकार की गलत प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा करता है। मौजूदा संस्थानों और उनके रखरखाव और सुधार की तत्काल आवश्यकता की उपेक्षा करने के बजाय, संसाधनों को नए उद्यमों के लिए आवंटित किया जा रहा है, मौजूदा बुनियादी ढांचे को अव्यवस्था की स्थिति में छोड़कर।

विवादास्पद गाय नीति का समर्थन करने और उसे आगे बढ़ाने का राजस्थान सरकार का निर्णय न केवल क्रूरता को कायम रखता है बल्कि इससे जुड़ी असंख्य समस्याओं में भी योगदान देता है। अवैध डेयरियों, नगर निगमों और नगर परिषदों की निष्क्रियता, कचरे के ढेर में प्लास्टिक निगलने वाली गायों और सड़कों पर छोड़े गए नर बछड़ों के दुर्भाग्यपूर्ण भविष्य के मूल कारणों को संबोधित करने के बजाय, सरकार की कार्रवाइयाँ इन मुद्दों को और बढ़ा देती हैं। गौशालाएं नर बछड़ों की भी देखभाल कर रहीं हैं , इस पर बिना निगरानी के पूरे वर्ष के लिए गौशालाओं को अनुदान देकर, सरकार अनजाने में अनियमित डेयरी सुविधाओं के प्रसार को प्रोत्साहित करती है, जो गायों के कल्याण से समझौता करती है और पर्यावरण और स्वास्थ्य के खतरों में योगदान कर सकती है। इसके अतिरिक्त, 1,000 नए दूध मार्गों, 5,000 सरस बूथ और 200 सरस पार्लरों की घोषणा, डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतीत होती है लेकिन दूध और डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी चिंताओं को दूर करने में विफल रहती है। सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि वह अपनी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करे, व्यापक पशु कल्याण नीतियों और डेयरी उद्योग को विनियमित करने के उपायों पर ध्यान केंद्रित करे, न कि एक ऐसी व्यवस्था को बनाए जो अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देती है और गायों और पर्यावरण की भलाई की अवहेलना करती है। साथ ही घटिया गुणवत्ता के डेयरी उत्पादों द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न किया जाए।

**– मरियम अबूहैदरी,**
**पशु अधिकार कार्यकर्ता**

# पुलिस ने 10 बालश्रमिकों को मुक्त कराया

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने मुख्यालय जयपुर के आदेश पर बालकों को संरक्षण और उचित देखभाल की कड़ी में उमंग द्वितीय अभियान चला रखा है। इस कड़ी में कमिश्नरेट के जिला पूर्व एवं पश्चिम में होटलों, ढाबों, कपड़ों की दुकानों, मिठाई दुकानों और ऑटोमोबाइल की दुकानों पर रेड दी गई। पुलिस ने दस बालकों को बालश्रम से मुक्त करवा उन्हें चाइल्ड हैल्पलाइन को सौंपा।

पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़ ने दिशा निर्देश पर पुलिस उपायुक्त पूर्व डॉ. अमृता दुहन, डीसीपी पश्चिम गौरव यादव के आदेशानुसार जिला पूर्व एवं पश्चिम में उमंग द्वितीय अभियान चलाया गया। दोनों जिला पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर रेड देकर दस बालकों को बालश्रम से मुक्त करवाया।

पुलिस ने सदर बाजार पुलिस ने कंचन टैक्सटाइल कपड़े की दुकान संचालक प्रहलाद टाक, सदर कोतवाली पुलिस ने मेहता मार्केट में इंडियन वस्त्रालय के अशोक कुमार, उदयराज एण्ड कंपनी के किशोरकुमार, नागौरी गेट पुलिस ने कर्नल की हवेली के पास ऑटोमोबाइल की दुकान संचालक खलील लुहार, प्रतापनगर सदर पुलिस ने प्रजापत मिष्ठान भंडार के वीराराम प्रजापत, कुड़ी भगतासनी पुलिस ने सेक्टर 7 में एक भोजनालय के संचालक जोराराम जाट, शास्त्रीनगर पुलिस ने पंजाबी चिकन कॉर्नर के संचालक परमेश्वर सिंह, बासनी पुलिस ने द्वितीय फेज बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने जय भवानी भोजनालय के दिनेश कुमार एवं देवनगर पुलिस ने पाल लिंक रोड पर अरोड़ा नमकीन के संचालक गोपाल के खिलाफ जेजे एक्ट में कार्रवाई की। इन सभी के यहां पर बालकों से श्रम करवाया जा रहा था। कार्रवाई में संबंधित थाना पुलिस के साथ मानव तस्करी यूनिट पश्चिम के प्रभारी हुकमाराम भी शामिल रहे।

# भू-माफियाओं ने जंगल और चारागाह की जमीनें बेचीं

- **स्नान जल का स्त्रोत रही रामतलाई और यहां तक की जंगल और चारागाह की जमीनों तक को भूमाफिया ने बेचा**

**पाटन,** (निसं)। हजारों साल के गौरवमयी इतिहास के साथ प्रकृत्ति द्वारा खुले हाथों से चारों ओर हरियाली और पहाड़ों से घिरा पाटन कस्बा तहसील क्या बना इसके गौरवमयी इतिहास प्राकृतिक सौंदर्य पर भू माफियाओं की नजर लग गई।

तहसील बनते ही नीमकाथाना और कोटपूतली के भू माफियाओं के साथ ही पाटन के कुछ अति लालची भू माफियाओं की नजर कस्बे के पहाड़ों-नालों और जंगलों को इस प्रकार लगी कि पाटन कस्बे के चारों ओर स्थित पहाड़ों में हमेशा लहलाने वाली फेफड़ों रूपी हरियाली और इन पहाड़ों से निकलने वाले कस्बे की नसों रूपी नदी-नालों और कभी पाटन कस्बे के नगर ईष्ट भगवान सीताराम जी के स्नान के लिए स्नान जल का स्त्रोत रही रामतलाई और यहां तक की जंगल और चारागाह की जमीनों तक को भू माफियाओं ने बेच डाला। फिर चाहे खारिया रोड पर प्रसिद्ध राव जी के बंधे के खसरा नंबर 571 पर अतिक्रमण का मामला हो, नीमकाथाना रोड पर पाटन वाटिका कालोनी के खसरा नंबर 362 के गैर मुमकिन नाले को बेचकर वहां भवन निर्माण कर किराए पर चलाने का का कुत्सित मामला हो, मेहरों की ढाणी के खसरा नंबर 304 और 305 में सार्वजनिक उपयोग की सरकारी जमीन पर दुकानें बनाने का मामला हो अथवा पंचायत समिति के पास और पंचायत समिति और बड़े पावर हाउस के सामने चारागाह भूमि पर रोजाना हो रहे अतिक्रमण हों, या धांधेला रोड बाइपास पर गणेश मार्केट में बेचे गये पुराने खसरा नंबर 810 के गैर मुमकिन नाला को बेचने का मामला हो, चाहे रामपुरा रोड पर वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर बेची जा रही कालोनियां हों, चाहे डाबला रोड पर जंगल और सडक से सटती हुई सरकारी जमीनों, नालों की भूमियों में दबंगों द्वारा किये गये बड़े अतिक्रमण और निर्माण हों, यहां ना सिर्फ अतिक्रमण किये गये जबकि अतिक्रमण कर बनाये गये भवनों का व्यवसायिक उपयोग भी किया जा रहा है। अधिकांश लोग अतिक्रमियों की शिकायत करने से डरते हैं जिससे सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर सरकार को करोड़ों का नुकसान लगा रहे हैं।

इस संबंध में पाटन तहसीलदार मुनेश कुमार सिर्वा का कहना है कि उक्त खसरा नंबर की संपूर्ण जानकारी करवाने के बाद शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# महंगाई राहत कैंप में एक दिन में मात्र पांच लोगों ने आवेदन किये

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। अनाजमंडी किशनगढ़ बास में लग रहे महंगाई राहत कैंप में सुबह से शाम चार बजे तक केवल पांच लोग ही सरकार की ओर से दी जा रही राहत को लेने के लिए पहुंचे। करीब 10 दिन से अनाज मंडी कैंप में राहत मांगने वालों की संख्या 100 भी पार नहीं कर सकी है। कर्मचारियों ने बताया कि कई बार तो पूरे दिन में दो-तीन लोग ही राहत के लिए आवेदन करने आए हैं।

- **अनाज मंडी किशनगढ़ बास में करीब 10 दिन से लग रहा है कैंप**
- **'ऐप नहीं चलने के कारण किसानों को ऑनलाइन गिरदावरी जमाबंदी की नकल नहीं मिल पा रही है'**



**किशनगढ़ बास अनाज मंडी में लग रहे महंगाई राहत कैंप में लोगों का इंतजार करते कर्मचारी।**

कैंप में बैठे किसान ने कहा सरकार एक तरफ तो कैंप लगाकर महंगाई में राहत दे रही है वहीं दूसरी ओर किसानों को ऑनलाइन गिरदावरी जमाबंदी नहीं मिलने के कारण सरसों चने की फसल को बाजार में सस्ते दामों में बेचना पढ़ रहा है। इस संदर्भ में अधिकारियों को शिकायत की पर आज तक किसानों को ऑनलाइन जमाबंदी गिरदावरी नहीं उपलब्ध हो पा रही है।

मोठूका के किसान कृष्ण गोपाल ने बताया कि खैरथल में क्रय विक्रय सहकारी समिति पर सरकार की ओर से सरसों व चने की फसल की खरीद की जा रही है। किसानों को फसल बेचने के लिए ऑनलाइन गिरदावरी जमाबंदी लेकर जाना होता है लेकिन ऐप नहीं चलने के कारण किसानों को ऑनलाइन गिरदावरी जमाबंदी की नकल नहीं मिल पा रही है।

पटवार संघ के जिला मंत्री व मोठूका पटवार मंडल के पटवारी मुकेश चौधरी ने बताया कि पिछले करीब 2 महीने से ऑनलाइन गिरदावरी जमाबंदी नहीं निकल रही है। इस संदर्भ में नवगठित खैरथल जिला अधिकारी ओएसडी ओमप्रकाश बैरवा सहित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

# गोवंश से भरा मिनी ट्रक मिला

- **ट्रक में 13 गोवंश थे जिनमें से 8 गोवंश की मौत हो चुकी थी**

**नैनवां,** (निसं)। बंबूली बामन गांव के बीच गोवंश से भरा मिनी ट्रक मिला। इसमें तेरह में से आठ गोवंश की मौत एक गंभीर मिली। सूचना पर नैनवा एसडीएम शत्रुघ्न गुर्जर, थानाधिकारी सुभाष चंद शर्मा व डीएसपी योगेश चौधरी मौके पर पहुंचे।

अब तक इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार बंबूली व बामन गांव के बीच पिछले दो-चार दिन से एक मिनी ट्रक जिस का नंबर एमपी 13 जीबी 0556 खड़ा हुआ था। वहां से गुजरने वाले ग्रामीणों को जब बदबू आने लगी। तो ट्रक को खोलकर देखा गया जिसमें गोवंश बंधे हुए थे गोवंश इस प्रकार बंधे हुए थे कि वह अपने मुंह से आवाज भी नहीं निकाल पाते। ट्रक में कुल 13 गोवंश थे जिनमें से 8 गोवंश की मौत हो चुकी थी तथा 4 गोवंश जीवित मिले। एक गोवंश की हालत गंभीर बनी हुई है।

उक्त घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा नैनवा प्रशासन को दी गई सूचना पर सर्वप्रथम एसआई राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली जिसके पश्चात पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर एसडीएम शत्रुघ्न गुर्जर डीएसपी योगेश चौधरी थाना अधिकारी सुभाष चंद शर्मा मौके पर पहुंचे। युवा बंटी गोस्वामी ने ट्रक के रस से काटकर गोवंश को बाहर निकालने में ग्रामीणों व प्रशासन की मदद की।

इस बारे में जानकारी देते हुए युवा बंटी गोस्वामी ने बताया कि जब वो पास से निकल रहे थे तो ट्रक में से बदबू आई और शंका के आधार पर ट्रक को खोलकर देखा तो उसमें ऐसा दिखाई दिया की ट्रक को इस प्रकार बनाया गया है कि उसने स्पष्ट दिखाई दे रहा था कि इस ट्रक में गोवंश की तस्करी की जाती है। ट्रक को पीछे से भूसे के बोरों से पैक कर रखा था। इसके पश्चात स्थानीय नैनवा थाने में इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर नैनवां डिप्टी योगेश चौधरी, नैनवां थाना अधिकारी सुभाष चंद शर्मा,एएसआई राजेंद्र सिंह बजरंग दल के जिला संयोजक लकी चोपड़ा, रजलावता पंचायत के सरपंच रामस्वरूप बिल्डर, बामनगांव उप सरपंच दिनेश गुर्जर, बामनगांव पूर्व सरपंच सत्यनारायण पटेल, आसाराम धाकड़ सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 16 जून, 2023**

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, कृत्तिका नक्षत्र दिन 3:07 तक, धृति योग रात्रि 1:22 तक, वणिज करण प्रातः 8:41 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-वृष, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज यमघट योग दिन 3:07 से सूर्योदय तक है। भद्रा प्रातः 8:41 रात्रि 8:56 तक रहेगी। आज मास शिवरात्रि है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:14 तक, लाभ-अमृत 7:19 से 10:45 तक, शुभ 12:27 से 2:10 तक, चर 5:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:18

**मेष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। व्यावसायिक अड़चने अभी यथावत बनी रहेगी। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**धनु**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कुंभ**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

# नई ग्राम पंचायत जागनवाला में डेढ़ करोड़ की जल संवर्धन योजना का शिलान्यास



ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने बज्जू उपखण्ड के गांवों में नवीन जल संवर्धन योजनाओं का उद्घाटन किया।

**बीकानेर, (कासं)।** ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने गुरूवार को श्रीकोलायत विधानसभा की नवसृजित ग्राम पंचायत जागनवाला में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत की जल संवर्धन योजना का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इस जल संवर्धन योजना के तहत एक उच्च जलाशय, पाइपलाइन, नलकूप और हर घर पेयजल कनेक्शन कार्य शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके तहत 2 हजार के. एल. का रॉ वाटर स्टोरेज टैंक (डिग्गी) का निर्माण, 50 के.एल. का पम्म हाउस, 100 के.एल.ओ एच आर एस, एक स्लो सेंड फिल्टर प्लांट और टंकी को लोहे की पाइपलाइन से जोड़ा जायेगा। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा अवगत कराने के बाद ऊर्जा मंत्री मदरसा इस्लामिया दारूल उलूम पहुंचे। यहां उन्होंने रह रहे छात्रों के लिए विधायक निधि कोष से 10 लाख रूपये का एक हॉल मय बरामदा बनवाने की घोषणा की।

जागणवाला में किए गए स्वागत और सत्कार करने पर उन्होंने हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए धन की कमी आड़े नहीं आयेगी। ऊर्जा मंत्री ने समग्र शिक्षा की ओर संतोष नगर की उच्च माध्यमिक विद्यालय में 17.38 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित 2 कक्षा कक्षों मय बरामदा का उद्घाटन किया। उन्होंने संतोष नगर में 10 लाख राशि से पुस्तकालय निर्माण करवाने की घोषणा की। ऊर्जा मंत्री ने गुलामवाला में 70.76 लाख रूपये की लागत से तैयार जल संवर्धन योजना का उद्घाटन भी किया।

मुख्यमंत्री बजट घोषणा वंचित ग्रामों को सड़क से जोड़ने की योजना के तहत उन्होंने गुलामवाला से दंडखुर्द तक साढे तीन किलोमीटर की नवीन डामर सड़क का शिलान्यास भी किया। इस रोड के निर्माण पर 140 लाख रूपये खर्च होंगे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह सड़क निश्चित समय अवधि में और गुणवत्तापूर्ण बननी चाहिए। क्वालिटी के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। घटिया निर्माण सामग्री उपयोग किये जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर जागणवाला सरपंच श्रीमती काबला बानो, गणपत राम सिंगड़, सुनील गोदारा, बांगड़सर पूर्व सरपंच सफी खान, पूर्व सरपंच अंतरे खान, अहमद खान, रतन खान, पूर्व सरपंच कालूराम मेघवाल, राहुल सेठिया, यारू खान, अधिशासी अभियंता जलदाय विभाग नफीस खान, रामसिंह मीणा, बीडीओ अमर सिंह बीका, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, संजय चौधरी, बज्जू के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामगोपाल शर्मा, शौकत, सुनील गोदारा, संतोष नगर सरपंच वेणीदान, जिला परिषद सदस्य मोहनदान उज्ज्वल, सवाई सिंह राठौड़, प्रभुदान रतनू, किशनदान चारण, रूपदान चारण आदि उपस्थित थे।

- जल संवर्धन योजना के तहत एक उच्च जलाशय, पाइपलाइन, नलकूप और हर घर पेयजल कनेक्शन कार्य शामिल है
- संतोष नगर में 10 लाख राशि से पुस्तकालय निर्माण की घोषणा की

**श्री गणेश विवाह महोत्सव कल से :** अनूपगढ़ में श्री गणेश मंदिर धाम में 17 जून से 21 जून तक पंच दिवसीय भगवान श्री गणेश विवाह महोत्सव मनाया जायेगा। इस महोत्सव को लेकर श्री गणेश मंदिर धाम कमेटी और अग्रवाल समाज के युवाओं के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। बुधवार को अग्रवाल समाज के द्वारा अनूपगढ़ के मुख्य बाजार और शहर में डोर टू डोर निमंत्रण पत्र बांटे गए। श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव में शामिल हो।

मंदिर के पुजारी राजेश शास्त्री ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान श्री गणेश मंदिर धाम में रिद्धि सिद्धि की मूर्ति स्थापना भी बड़े धूमधाम से की जायेगी। अग्रवाल समाज के मुकेश अग्रवाल ने बताया कि 17 जून शाम 5:15 बजे हल्दी हाथ की रस्म से की जायेगी। 20 जून को सुबह 9:15 बजे गणेशजी की बारात पूरे शहर में बड़े धूमधाम से निकाली जायेगी।

अग्रवाल समाज के लोगों ने उम्मीद जताई है कि इस बारात में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। मनोज सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## रिटायर्ड वाटर वर्क्स कर्मी की संदिग्ध मौत

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** पीएचईडी के रिटायर्ड फीटर की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया।

बुजुर्ग अपनी पत्नी से अलग अपने दूर के रिश्ते के पोते के साथ रहता था। वह अपने घर में मृत मिला। परिवार के लोगों का कहना था कि रात में किसी समय बुजुर्ग पर पास रखी अलमारी गिरने से उसकी मौत हो गई। जबकि आसपास के लोगों ने बुजुर्ग की हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

इस संबंध में बुजुर्ग के साथ रह रहे पोते को पुलिस ने राउंडअप भी किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुजुर्ग सागरमल भार्गव शहर की हरदीप सिंह कॉलोनी की गली नंबर दो में रहता था। उसकी मौत आधी रात के बाद हुई। सुबह करीब आठ बजे के आसपास बुजुर्ग के साथ रह रहे उसके पोते ने आसपास के लोगों को रात में अलमारी ऊपर गिर जाने से सागरमल की मौत हो जाने की जानकारी दी।

इस दौरान हालात देखकर आसपास के लोगों को बुजुर्ग की हत्या किए जाने की आशंका हुई। इस पर उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस दोपहर करीब बारह बजे मौके पर पहुंची और शव कब्जे में ले लिया। दोपहर बाद पोस्टमार्टम करवा कर इसे परिजनों को सौंपा गया। संदेह होने पर पुलिस ने मृतक के पोते से पूछताछ शुरू की। शाम तक पूछताछ जारी थी।

आसपास के लोगों ने बताया कि मौके के हालात बुजुर्ग की हत्या होने की आशंका जता रहे हैं। शाम को पदमपुर रोड स्थित श्मशान में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। शाम तक इस मामले में मामला दर्ज नहीं हुआ था।

## सार-समाचार

### स्काउट का कौशल विकास शिविर



स्काउट गाइड के कौशल विकास कार्यक्रम को सहायक जनसंपर्क अधिकारी हरिशंकर आचार्य ने संबोधित किया।

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड मंडल मुख्यालय के तत्वावधान में रानी बाजार स्थित राजकीय विद्यालय में आयोजित हो रहे कौशल विकास शिविर में गुरूवार को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति बोर्ड के अध्यक्ष एडवोकेट जुगल किशोर व्यास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक हरिशंकर आचार्य बतौर अतिथि मौजूद थे। प्रतियोगिता का आगाज गंगाशहर स्थानीय संघ के प्रधान भवानी शंकर जोशी की अध्यक्षता में हुआ। जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप प्रकोष्ठ के पवन कुमार खत्री ने मतदाता जागरूकता के संबंध में जानकारी दी। सीओ गाइड ज्योति रानी महात्मा ने बताया कि शिविर में 165 संभागी भाग लेकर कौशल में अपनी दक्षता हासिल कर रहे हैं। शिविर में दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा डांस, मेहंदी, ब्यूटीशियन, स्पोकन इंग्लिश, कंप्यूटर, हैण्डीक्राफ्ट पेंटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में हनुमान दान चारण, अंजुमन आरा, धनवंती, रितु गौड, अजय कुमार भार्गव, अभिषेक महात्मा, गायत्री महात्मा, प्रवीण सिंह नरूका, यशस्वी, गोपाल गहलोत अपनी-अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### तीन दिवसीय कृषक भ्रमण बस रवाना


**श्रीगंगानगर, (कासं)।** कार्यालय उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना



डॉ. जी. आर. मटोरिया ने तीन दिवसीय कृषक भ्रमण के तहत बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

निदेशक (आत्मा) श्रीगंगानगर से अन्तरा राज्य कृषक भ्रमण व राज्य स्तरीय किसान मेला जे.ई.सी.सी., सीतापुरा, जयपुर अवधि 16 से 18 जून में जिले से किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आत्मा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 कैफेटेरिया गतिविधि बी-4 बी अन्तर्गत तीन दिवसीय भ्रमण का आयोजन किया जाना है। इसमें तीन कृषक भ्रमण क्रमशः 15, 16 एवं 17 जून को करवाये जाने हैं। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. जी. आर. मटोरिया ने बताया कि इसके तहत गुरूवार को आत्मा कार्यालय से डॉ. एल. एन. बैरवा, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) श्रीगंगानगर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण के लिए बस रवाना की गई। किसान मेले में कृषकों को स्मार्ट फार्म, कृषि, बागवानी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्यपालन व कृषि विपणन की विश्व स्तरीय तकनीक का प्रदर्शन, कृषि उत्पाद, औजार, बीज आदि की नवीन जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी।

### योगासन बैनर का विमोचन किया



संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ( बीच में ) ने योगासन के बैनर का विमोचन किया।

**बीकानेर, (कासं)।** जैसे-जैसे योग दिवस नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे संपूर्ण शहवासियों में योग के प्रति उत्साह निरंतर बढ़ रहा है। इसी श्रृंखला में गुरूवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से पूर्व आयुश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के योग गुरू दीपक शर्मा द्वारा तैयार किए गए बैनर का विमोचन संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के पवन एवं डॉ. अमित पुरोहित के कर कमलों से हुआ। ये बैनर योग गुरू दीपक शर्मा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के योग प्रोटोकॉल में उल्लेखित विभिन्न यौगिक क्रियाओं, योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान के छायाचित्रों की एक विशेष श्रृंखला तैयार कर बनाया गया ताकि आमजन में योग के प्रति जागरूकता लाई जा सके। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने कहा कि योग दिवस से पूर्व योग प्रोटोकॉल का बैनर आमजन में योग की सही जानकारी एवं उपयोगिता के लिए कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि योग दिवस से पूर्व ऐसे होल्डिंग शहर के प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे, जिससे शहरवासियों में योग के प्रति जनचेतना लाई जा सके।

# तूफान बिपरजॉय को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की

**बीकानेर, (कासं)।** आगामी 16 एवं 17 जून को संभावित चक्रवाती तूफान बिपरजॉय को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है और आमजन से इसकी गंभीरता से पालना करने की अपील की है।

जिला प्रशासन द्वारा जारी अपील के अनुसार तूफान बिपरजॉय में तेज गति की हवाओं के साथ जिले में भारी बारिश होने की संभावना है। इसलिए तेज हवा व मेघ गर्जन के दौरान घरों के अन्दर रहें, तेज हवा, बारिश व बिजली चमकने के समय बडे पेड़ों के नीचे एवं कच्चे मकानों में शरण लेने से बचें। जिले में बजरी खदानों के मुहाने पर बसे हुए परिवार तूफान से पूर्व सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। तेज अंधड के समय बिजली के तारों के टूटने एवं खंभों के गिरने की आशंका है। इसलिए सावधान रहें। तेज हवा व बरसात के दौरान पेड़ों के नीचे व कच्ची दीवार के पास खडे न हों। पशुओं को खुले बाडे में रखें तथा खूंटे से नहीं बांधे। बिजली के खम्भों के नीचे व पास दुपहिया व चार पहिया वाहन खड़ा न करें। जिन घरों में टीनशेड हैं, उनके गेट बंद रखें। बडे होर्डिंग्स लगे स्थानों से दूर रहें तथा विद्युत खम्भों, तारों व ट्रांसफार्मर आदि से पर्याप्त दूरी बनाये रखें एवं नजदीकी सुरक्षित स्थान पर शरण लें। तेज बहाव में वाहन न उतरें तथा आपात स्थिति में टॉर्च, रेन कोट एवं छाते का प्रयोग करें। बैटरी से संचालित मोबाइल, इनवर्टर इत्यादि उपकरणों को फुल चार्ज रखें। पशुओं को भारी बारिश से बचाने हेतु सुरक्षित स्थान पर रखें। पशु चराने वाले चरवाहे मौसम पूर्वानुमान के मध्यनजर पशुओं को बाहर न लेकर जायें। जिले में डूब क्षेत्र में बसे हुए परिवार चक्रवात के दौरान आपात स्थिति उत्पन्न होने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा चिन्हित सुरक्षित स्थानों में शरण लेवें।

किसी भी आपात स्थिति में निम्नांकित नियंत्रण कक्ष पर सूचना दें। मौसम विभाग द्वारा चक्रवाती तूफान (बिपरजॉय) से तेज बारिश व तेज हवायें चलने की संभावना जताई गई है। इसके मद्देनजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद अबरार पंवार ने तेज बारिश, बाढ़ के हालात से निपटने के लिये आवश्यक निर्देशों की पालना करने के आदेश जारी किए हैं।

- बारिश व बिजली चमकने के समय बडे पेड़ों के नीचे एवं कच्चे मकानों में शरण लेने से बचें
- तेज हवा व मेघ गर्जन के दौरान घरों के अन्दर रहें

## हत्या के प्रयास में पति व ससुर को जेल

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** बहू पर गर्म तेल गिराकर हत्या का प्रयास करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अरोपी पति और सास, ससुर पर दहेज के लिए बहू को परेशान करने और दहेज नहीं देने पर गर्म तेल गिराकर बहू की हत्या करने का प्रयास करने का आरोप है।

आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहे थे। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही थी। उन पर इनाम भी थे। पीड़िता के पति पर दस हजार रुपये और सास-ससुर पर एक-एक हजार रुपये का इनाम था। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। इस संबंध में महिला थाने में दर्ज मामले में पीड़िता ने बताया कि उसका पति प्रिंस ऊर्फ गग्गू अरोड़ा, सास नीलम रानी और ससुर वेदप्रकाश ने उसे जान से मारने की नीयत से उस पर गर्म तेल डाल दिया। घटना के बाद फरार हो गए थे।

# युवक ने पानी की टंकी से लगाई छलांग

**बीकानेर,(कासं)।** पीबीएम अस्पताल में इलाज करवाने आया एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ा और वहां से नीचे छलांग लगा दी। उसे घायल अवस्था में ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

हुसैन नामक एक युवक गुरूवार सुबह पीबीएम अस्पताल आया था। यहां उसको डॉक्टर्स ने देखने के बाद कुछ जांच करवाने के लिए कहा। वो जांच करवाने के बजाय पानी की टंकी पर जा चढ़ा। वहां से छलांग लगा दी। उसके साथ आये युवक ही उसे लेकर वापस ट्रोमा सेंटर पहुंचे। जहां उसे भर्ती किया गया है। युवक के सिर सहित कई हिस्सों में चोट आई है। लहूलुहान हुसैन का अब इलाज चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ये पता करने में जुटी है कि उसने टंकी से छलांग क्यों लगा दी। किसी मानसिक तनाव के चलते ऐसा हुआ है या फिर कोई अन्य कारण से उसने ये जानलेवा कदम उठाया है। युवक अचेत अवस्था में है। ऐसे में उस पर खास नजर रखी जा रही है। पीबीएम अस्पताल में बनी पानी की टंकी पर कोई भी आसानी से चढ़ सकता है। अस्पताल में मानसिक रूप से बीमार और परेशान लोग बड़ी संख्या में आते हैं। ऐसे में टंकी पर चढ़ने की घटना बार- बार हो सकती है। पूर्व पार्षद आदर्श शर्मा ने इस टंकी के चारों और दीवार बनाने की मांग की है।

- पीबीएम अस्पताल में इलाज करवाने आया था, वहीं से टंकी पर चढ़ा और नीचे कूद गया
- युवक के सिर सहित कई हिस्सों में चोट आई है

# कार बरामद, कबाड़ में बेचने की फिराक में था

**नोखा, (कासं)।** पुलिस ने घर के आगे खड़ी अल्टो कार चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की गई अल्टो कार भी बरामद कर ली गई है।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि 14 जून को वार्ड नंबर 18 रेलवे लाइन के पास निवासी धीरज चावला ने मामला दर्ज करवाया कि उसने मंगलवार रात को कार घर के सामने खड़ी की थी। उठकर संभाला तो कार वहां पर नहीं मिली।

पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज चोर की तलाश शुरू की। घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे और वार्ड 18 निवासी दुलीचंद सुथार को गिरफ्तार किया गया।

- घर के आगे खड़ी अल्टो कार चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

आरोपी दुलीचंद से चोरी की गई कार बरामद की गई। आरोपी दुलीचंद से घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। आरोपी दुलीचंद गाडियों का मिस्त्री है। जो गाड़ी चोरी कर कबाड़ में बेचने के फिराक में था।

इसलिए उसने गाड़ी चोरी के बाद गाड़ी के नंबर प्लेट भी चेंज कर दी थी। फिर यह नागौर में गाड़ी बेचने के लिए गया था, लेकिन गाड़ी बिकी नहीं। जब तक वो गाड़ी बेच पाता, उससे पहले ही नोखा पुलिस ने उसे दबोच लिया।

## शाकद्वीपीय पंचायत

**बीकानेर,(कासं)।** शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज (पुजारी सेवक) जुलाई में राज्य स्तरीय दो दिवसीय बैठक का आयोजन कर रहा हैं जिसमें राजस्थान के हर शहर से समाज और राजनीति में कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

इस कार्यक्रम को 'शाकद्वीपीय पंचायत 2023' का नाम दिया गया है। कार्यक्रम संयोजक कामिनी विमल भोजक मैया ने बताया कि आयोजन समिति में जयपुर से ओ.पी. शर्मा, जोधपुर से हेमंत शर्मा, बीकानेर से आर. के. शर्मा, उदयपुर से के. के. शर्मा, फलौदी से डॉक्टर दिनेश शर्मा होंगे। कामिनी भोजक ने बताया कि दो दिनों में चार महत्वपूर्ण सत्र पर आयोजित इस पंचायत में राजनीति से जुड़े पदाधिकारियों के अलावा, पार्षद, पंच, सरपंच, साहित्यकार शामिल होंगे।

# डिलीवरी ब्वॉय को जेल भेजा, दोस्त से पूछताछ करेगी पुलिस

**बीकानेर,(कासं)।** कैमरे के पार्सल की डिलीवरी से पहले नए कैमरे के बदले पुराना कैमरा पार्सल में डालने वाले डिलीवरी ब्वॉय को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना पुलिस ने पार्सल डिलीवरी में गड़बड़ी करने के आरोप में चौधरी कॉलोनी निवासी अनिल लेघा और हर्ष कुमार मेघवाल, निवासी वल्लभ गार्डन को गिरफ्तार किया था। कोर्ट के आदेश पर हर्ष कुमार को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। वहीं अनिल लेघा को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि हर्ष कुमार से की जाने वाली पुलिस पूछताछ में कई खुलासे होने की उम्मीद है।

व्यास कॉलोनी थाने के एसएचओ महावीर प्रसाद बिश्नोई ने बताया कि प्रकरण की जांच करने पर सामने आया कि आरोपी हर्ष कुमार फर्जी आईडी और नाम से ऑनलाइन सामान की बुकिंग करवाता था। एसपी तेजस्विनी गौतम के निर्देश पर आरोपी के ठिकानों और उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। आरोपी की गिरफ्तारी करने के बाद उसने प्रथमदृष्टया बताया कि वह डिलीवरी बॉय से सामान मंगवाता और कुछ समय रखने के बाद असली माल को निकालकर उसमें नकली माल भरकर कंपनी को पार्सल रिटर्न कर देता था।

जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने के एसएचओ महावीर प्रसाद बिश्नोई ने बताया कि 22 मई को ई-कार्ट कंपनी के बीकानेर इंचार्ज दिनेश राहड़ ने रिपोर्ट दी कि उसके यहां डिलीवरी बॉय का काम करने वाले अनिल लेघा ने पार्सल लेने वाले व्यक्ति से मिलीभगत कर पार्सल को निरस्त करवा दिया। इसके बाद उसने नए कैमरे की जगह पुराना कैमरा डालकर पार्सल को वापस कंपनी में रिटर्न कर दिया।

- पार्सल की डिलीवरी से पहले नए कैमरे के बदले पुराना कैमरा डालकर हेराफेरी का मामला

# योजनाओं का लाभ गांव, ढाणी में अंतिम छोर तक बैठे पात्र को मिले : मेघवाल



खाजूवाला में आपदा प्रबंधन मंत्री गोविन्द राम मेघवाल ( बाएं से दूसरे ) ने महंगाई राहत शिविर में लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किए।

**बीकानेर, (कासं)।** आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने गुरूवार को खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आयोजित महंगाई राहत एवं प्रशासन गांवों के संग शिविरों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव, ढाणी और कस्बे में अंतिम छोर तक बैठे हुए पात्र व्यक्ति को मिले। इसके लिए सरकार कृत संकल्प है। आपदा प्रबंधन मंत्री ने ग्राम पंचायत पूगल के करणीसर, खाजूवाला के गुल्लूवाली एवं छतरगढ़ के राणेर के शिविरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिविरों के विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और अब तक की प्रगति जानी। प्रभारी एवं अन्य कार्मिकों को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनी और तुरंत निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिविर में आये लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए। उन्होंने गुल्लूवाली उप स्वास्थ्य केन्द्र का पट्टा एएनएम को सौंपा। इस अवसर पर पूगल एसडीएम सीता शर्मा, सरपंच गुलशेर खान, तहसीलदार दर्शना इंदलिया, बीडीओ राजेन्द्र जोईया, पीएचईडी के एईएन आलोक गुप्ता, सरपंच शारदा देवी, उप सरपंच मदन बिश्नोई, सरपंच रामेश्वर लाल गोदारा एवं मकबूल बलोच आदि उपस्थित थे। वहीं महंगाई राहत एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत 16 व 17 जून को आयोजित होने वाले समस्त शिविर स्थगित रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) हरि सिंह मीना ने बताया कि बिपारजॉय चक्रवाती तूफान की चेतावनी के मद्देनजर दो दिन कैम्प स्थगित रहेंगे।

- मेघवाल ने शिविरों के विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और अब तक की प्रगति जानी

## तूफान का असर, तीन दिन बारिश की संभावना

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** अरब सागर से उठे चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का हमारे यहां भी असर दिखेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस तूफान का हमारे यहां सीधा कोई असर नहीं रहेगा और ना ही कोई नुकसान होने की आशंका है। लेकिन मौसम में बदलाव होने के साथ ही तेज हवाएं चलने व हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

श्रीगंगानगर सहित बीकानेर संभाग के जिलों में 16 से 18 जून तक बारिश की संभावना है। क्षेत्र में इन दिनों अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रह रहा है। दिनभर धूप खिली रही लेकिन हवाएं चलने से तपिश व गर्मी का प्रभाव अधिक नहीं रहा। जयपुर के मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि चक्रवाती तूफान बिपरजॉय तेज गति से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में जोधपुर संभाग के जिलों में भी इसका असर रहेगा। लेकिन बीकानेर संभाग के जिलों में तूफान आने की संभावना नहीं है।

# श्रीगंगानगर डी.एस.ओ. सोनी एपीओ

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** डीएसओ राकेश सोनी को एपीओ कर दिया गया है। डीएसओ सोनी की कार्यशैली पर कुछ समय पहले विधानसभा में सवाल उठे थे।

इसके बाद से ही सोनी के खिलाफ कार्रवाई की आशंका जताई जा रही थी। इस संबंध में गुरूवार को आदेश जारी हुए। सोनी के एपीओ रहने के दौरान उनका मुख्यालय झालावाड़ रखा गया है। जिला रसद अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोनी पर गेहूं के आवंटन में अनयमितता बरतने का आरोप लगाया गया था। साथ ही दुकानों का अटैचमेंट बिना मंत्री स्तर पर अनुमति के ही करने का भी आरोप लगाया गया था।

इस संबंध में राज्य विधानसभा में उठे सवालों में सोनी की कार्यशैली पर नाराजगी जताई गई थी। आरोप था कि सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में इस साल 27 जनवरी तक 3070 क्विंटल गेहूं की सप्लाई नहीं हुई।


उत्तर पश्चिम रेलवे G20

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की आरे से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 06.07.2023 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-, **निविदा संख्या : 44, कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मण्डल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के अधीन वर्कशॉप बीकानेर के केशनब बॉगी सेक्शन में सीटीआरबी माउण्टिग ऐरिया को बदलने व मॉडिफिकेशन तथा ईओटी क्रेन के लिए आई-सेक्शन में मॉडिफिकेशन, आईओएच बॉगी सेक्शन में चिकन मेश लगाना तथा व्हील शॉप के ट्रेक ले-आउट को बदलने एवं संशोधित करने का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य :** रू. 4916019.40, **धरोहर राशि :** रू. 98300.00, नोट : अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर देखी जा सकती है।

647-PR/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# पूर्व मंत्री नसीम व आर.टी.डी.सी. अध्यक्ष राठौड़ के बीच गतिरोध जगजाहिर हुआ

## आर.टी.डी.सी. अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ की राजनीति से अजमेर कांग्रेस में फूट



पूव मंत्री नसीम अख्तर के समर्थन में पुष्कर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी अतिरिक्त जिलाधीश को ज्ञापन देने पहुंचे।

- सचिन पायलट समर्थक प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष नसीम अख्तर और उनके पति इंसाफ अली के खिलाफ मामला दर्ज
- पायलट समर्थक रलावता के पुत्र पर दर्ज हो चुका है मुकदमा

**अजमेर, (कासं)।** एक ओर जहां राजस्थान में कांग्रेस की अंर्तकलह व गुटबाजी का गतिरोध थमने का नाम नही ले रहा है, वहीं दूसरी ओर अजमेर जिले में भी प्रतिस्पर्धा की लड़ाई अब खुलकर सामने आने लगी है। पूर्व मंत्री नसीम व कांग्रेस में वर्तमान आरटीडीसी अध्यक्षी राठौड़ के बीच का गतिरोध अब जगजाहिर हो गया है। दोनों ही नेता एक दूसरे को शिकस्त देने में लेगे हुये है।

14 जून को ही पुष्कर की पूर्व विधायक आगामी चुनाव में कांग्रेस टिकट की प्रबल दावेदार नसीम अख्तर और उनके पति इंसाफ अली सहित 20 लोगों पर सरकारी कार्यक्रम में गुंडागर्दी करने का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है। अजमेर के सिविल लाइन पुलिस थाने पर यह मुकदमा तब दर्ज हुआ है, जब नसीम अख्तर सत्तारुढ़ कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर हैं। गंभीर बात तो यह है कि यह मुकदमा अजमेर जिला परिषद के विजय सिंह चौहान ने दर्ज करवाया है।

पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, उसके बेटे व पति इंसाफ अली सहित करीब 15 लोगों द्वारा गांधी दर्शन समिति के कार्यक्रम में हंगामा करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरूवार को पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण पंचायती राज सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में सख्त सख्त कार्यवाही कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। जिला परिषद सदस्य महेन्द्र सिंह मझेवला, सरपंच शक्तिसिंह रावत, अर्जुन सिंह रावत समेत अन्य भाजपाईयों ने कहा कि गांधी दर्शन अंहिसा प्रकोष्ठ प्रशिक्षण कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से दुर्व्यवहार एवं गाली गलौच करना ऐसे जनप्रतिनिधयों को शोभा नहीं देता है, इसकी संघ कडी निंदा करता है और इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो, अन्यथा तीन दिन बाद सरपंच संघ महंगाई राहत शिविर व प्रशासन गांवों के संघ का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

जबकि अख्तर का कहना है कि यह मुकदमा धर्मेन्द्र सिंह राठौड ने अधिकारियों की मदद लेकर राजनीतिक द्वेषता की वजह से दर्ज करवाया गया है। 13 जून को पुष्कर में आने वाली अजमेर ग्रामीण पंचायत समिति का महंगाई राहत शिविर लगा था। क्षेत्र की पूर्व विधायक होने के नाते राहत शिविर की जिम्मेदारी उनकी ही थी, लेकिन इस शिविर में वीडीओ विजय सिंह चौहान और अन्य अधिकारी उपस्थित नहीं हुए। उन्हें जब यह जानकारी मिली कि अधिकांश अधिकारी रीट कार्यालय में आयोजित समारोह में उपस्थित हैं तो उन्होंने ही रीट कार्यालय जाकर अधिकारियों को उलाहना दिया। उनकी बातचीत अधिकारियों से कार्यक्रम के बाहर हुई, लेकिन इसके बाद भी उनके और समर्थकों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। अख्तर ने बताया कि जिस वीडीओ विजय सिंह चौहान ने उनके विरुद्ध पुलिस में शिकायत दी है, उस विजय सिंह चौहान का उन्होंने ही अजमेर ग्रामीण के पद पर विरोध किया था। इस संबंध में उन्होंने 23 मार्च, 2021 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चौहान को उनकी पंचायत समिति में वीडीओ नहीं लगाने का आग्रह किया था।

अख्तर ने कहा कि दर्ज मुकदमे में वे अदालत से अग्रिम जमानत नहीं करवाएंगी। वे अपने साथियों के साथ गिरफ्तार होने को तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि कांग्रेस की सरकार में ही उन जैसी कर्मठ और वफादार कार्यकर्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। नसीम ने कहा कि वे देश भर के कुरैशी समाज की महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से देश भर के कुरैशी समाज में भी नाराजगी है।

नसीम अख्तर व महेंद्र सिंह रलावता दोनों ही पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के समर्थक हैं। गत 11 मई को पायलट ने अपनी जन आक्रोश यात्रा अजमेर में रलावता के जयपुर रोड स्थित फार्म हाउस से ही शुरू की थी। हालांकि प्रदेश उपाध्यक्ष होने के नाते नसीम अख्तर मुख्यमंत्री गहलोत के संपर्क में भी हैं, लेकिन इन दोनों को पायलट समर्थक ही माना जाता है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नसीम अख्तर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का मुस्लिम एकता मंच ने भी विरोध किया है। मंच के प्रतिनिधि पीर नफीस मियां चिश्ती, नवाब हिदायतुल्ला, काजी मुनव्वर अली, फखर काजमी ने कहा कि अख्तर मुस्लिम समाज की भी सम्मानित नेता है। उनके विरुद्ध राजनीति द्वेषता के चलते मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रतिनिधियों ने इस बात पर अफसोस जताया कि कांग्रेस के शासन में ही कांग्रेस की पदाधिकारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है।

आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ का कहना है कि मैं हमेशा से कांग्रेस में हूं और सब जगजाहिर है कि कांग्रेस को कौन कमजोर कर रहा है, मैं तो हमेशा से कांग्रेस को मजबूत करने में लगा हुआ हूं और में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में जी जान से लगा हुआ हूँ। यह भी सबको पता है कि किसने किसके साथ कांग्रेस के कार्यक्रम में मारपीट कीं। उन्होंने नसीम पर निशाना साधते हुये आरोप लगाया कि यह लोग गुंडागर्दी करते रहे ओर हम सहते रहे, अब यह नही चलेगा।

### रलावता के पुत्र पर भी मुकदमा

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर उत्तर से कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदार और गत माह चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता के पुत्र शक्ति सिंह रलावता और कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं के विरुद्ध भी क्रिश्चियन पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

यह मुकदमा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश की सह प्रभारी अमृत धवन के अजमेर आगमन पर हुआ। कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जो मार पिटाई हुई उसे देखते हुए अमृता धवन कार्यक्रम स्थल पर नहीं आई। असल में इन दिनों अजमेर जिले की राजनीति में आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ का दखल है। हालांकि राठौड़ पूर्व में अजमेर की राजनीति में सक्रिय नहीं थे, लेकिन पिछले दो वर्षों से राठौड़ सक्रिय हैं।

राठौड़ ने दो दिन पहले ही संकल्प लिया है कि अजमेर जिले की सभी आठों सीटों पर कांग्रेस की जीत करवाएंगे। जब तक जीत नहीं होगी, तब तक वे किसी भी समारोह में माला और साफा नहीं पहनेंगे। चूंकि राठौड़ पुष्कर या अजमेर उत्तर से चुनाव लड़ना चाहते हैं, इसलिए इन दोनों ही विधानसभा क्षेत्रों में टिकट मांगने वालों को ठिकाने लगाने का काम कर रहे हैं। जिन घटनाओं को लेकर नसीम अख्तर और रलावता के पुत्र पर मुकदमा दर्ज हुए हैं, ऐसी घटनाएं राजनीति में आम है।

लेकिन अपने विरोधियों को कुचलने के लिए धर्मेंद्र राठौड़ की ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। राठौड़ कह सकते हैं कि इन दोनों मुकदमों में उनकी कोई भूमिका नहीं है। यह सही भी है कि राठौड़ ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं कराया है। लेकिन सब जानते हैं कि अजमेर पुलिस में धर्मेन्द्र राठौड़ की एक तरफा चल रही है। राठौड़ के पास जो राज्यमंत्री का दर्जा है, वैसे राज्य मंत्री सीएम गहलोत ने करीब पचास बना रखे हैं। लेकिन धर्मेन्द्र राठौड़ अकेले ऐसे राज्यमंत्री हैं जिन्हें अजमेर में पुलिस का पायलट वाहन उपलब्ध होता है।

# बी.एस.एफ. ने ड्रोन पर फायरिंग की, 10 करोड़ की हेरोइन बरामद

## तारबंदी पार कर अंदर तक आ गया था ड्रोन

- बीएसएफ के अधिकारी भी कैलाश पोस्ट पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया

**अनूपगढ़, (निसं)।** पाकिस्तान की ओर से आए एक ड्रोन ने रात भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश की। इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ जवान फौरन अलर्ट हुए और फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि 25 राउंड फायरिंग के बाद ड्रोन पाकिस्तान की सीमा में वापस लौट गया।

घटना श्रीगंगानगर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर अनूपगढ़ स्थित कैलाश पोस्ट के पास देर रात करीब 11:30 बजे की है। उधर, सर्च ऑपरेशन में जवानों ने 2 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। इसकी कीमत 10 करोड़ रुपए बताई जा रही है। माना जा रहा है कि ड्रोन के जरिए पाकिस्तान भारत में ड्रग्स तस्करी की नापाक साजिश करता है। दुश्मन देश की ओर से बॉर्डर पर पहले भी ऐसे प्रयास हो चुके हैं। बीएसएफ जवानों ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। इस पर बीएसएफ के अधिकारी भी कैलाश पोस्ट पर पहुंचे, हालात का जायजा लिया। इधर, रात और सुबह चले सर्च ऑपरेशन में गांव 13 के में एक खेत में दो पैकेट हेरोइन के बरामद हुए हैं।

जानकारी के अनुसार रोज की तरह बीएसएफ के जवान कैलाश पोस्ट के पास गश्त कर रहे थे। तभी उन्होंने पाकिस्तान की ओर से ड्रोन आने की आवाज सुनी। ड्रोन जीरो लाइन पार करते हुए तारबंदी क्रॉस कर भारत की सीमा में घुस आया था। इस पर बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन पर ताबड़तोड़ फायर कर उसे खदेड़ दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। रात में ही सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, हालांकि तब कोई भी संदिग्ध सामग्री नहीं मिली थी। सुबह इलाके में दोबारा सर्च किया गया तो हेरोइन के पैकेट्स मिले।

डीएसपी रामेश्वर लाल ने बताया कि घटना के बाद देर रात से ही पुलिस और बीएसएफ के द्वारा संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया। गुरुवार सुबह भी ग्रामीणों की मदद से पूरे एरिया में सर्च किया गया। पुलिस प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों से संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि गैर कानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए क्षेत्र में नाकाबंदी भी करवाई गई है। सर्च अभियान अभी भी जारी है।

इससे पहले 28 फरवरी 2023 को खमीसा पोस्ट और पृथ्वी सर पोस्ट के बीच पाकिस्तान में ड्रोन के जरिए हीरोइन को गिराने का प्रयास किया था, मगर बीएसएफ के जवानों ने 15 से 20 राउंड फायर कर ड्रोन को खदेड़ दिया था। 27 मार्च को पाकिस्तान ने सीमा चौकी के पिलर संख्या 380 के पास ड्रोन से 2 किलो 600 ग्राम हेरोइन गिराई थी। इस मामले में बीएसएफ और पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया था। 17 मई 2023 को पाकिस्तान ने रावला मंडी में भारत पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बनी निमिचंद पोस्ट के पास से 5 किलो हेरोइन गिराई थी, बीएसएफ के द्वारा 42 राउंड फायर कर ड्रोन को नीचे गिरा दिया गया था। 30 मई 2023 को भी सखी पोस्ट के पास पाकिस्तान की ओर से रात्रि को ड्रोन के जरिए हेरोइन गिराने की कोशिश की गई थी, इस पर बीएसएफ के जवानों ने 48 राउंड फायर कर ड्रोन को खदेड़ दिया था।

### शव की चार दिन बाद भी पहचान नहीं

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती करवड़ स्थित देसूरिया खारोलान गांव में झाड़ियों में नग्नावस्था में मिले शव की चार दिन बाद भी पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार चार दिन पहले एक व्यक्ति का शव नग्नावस्था में मिला था। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची। शव की गुरुवार को चौथे दिन भी पहचान नहीं हो पाई है। जानवरों ने उसके पैरों को घुटनों तक नोंच खाया है। फिलहाल पुलिस उसकी पहचान के प्रयास में भी जुटी है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता लग पाएगा। थानाधिकारी बुद्धाराम ने बताया कि 11 जून को सूचना मिली कि देसूरिया खारोलान गांव की सरहद में झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। इस पर पुलिस वहां पहुंची। आरंभिक पड़ताल में सामने आया कि वह मांग कर खाता था। पागलपन का भी शिकार था। मौका ए हालात से लगा कि वह नग्नाावस्था में है और पैरों को घुटनों तक जानवरों ने खा लिया है। उसकी मौत किस परिस्थिति में हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही हो पाएगा।

## भाजपा विधायक के करीबी के बिगड़े बोल

- जिला प्रमुख को उनकी औकात दिखाने की दी चेतावनी

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा टोडारायसिंह विधायक कन्हैयालाल चौधरी के बेहद करीबी व भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व पदाधिकारी नारायण सिंह आमली के एक वायरल वीडियो में भाजपा की जिला प्रमुख सरोज बंसल व उनके पति नरेश बंसल को उनकी औकात दिखाने के चेतावनी को लेकर सोशल मीडिया व राजनैतिक गलियारे में विपक्षी ही नहीं अपितु भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने भी दांतों तले अंगुली दबा ली।

वीडियो विधायक के लिए विधानसभा चुनाव में गलफांस बनता नजर आ रहा है। एक ओर जहां भाजपा विधायक कन्हैयालाल चौधरी आगामी विधानसभा चुनावों में क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीत की हैट्रिक बना प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने की ताल ठोक मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से 30 साल से पराजित हो रही कांग्रेस का इस बार भी सफाया करने का दावा कर केन्द्र की मोदी सरकार की योजना व विकास कार्यों के साथ-साथ अपने नौ साल के कार्यकाल के विकास कार्यों तथा क्षेत्र में मजबूत पकड़ के साथ-साथ गांव-ढाणी में सघन जनसम्पर्क अभियान में लगे हुए हैं।

वहीं दूसरी ओर विधानसभा चुनाव से पूर्व पार्टी के ही पूर्व पदाधिकारी तथा स्वयं के करीबी कार्यकर्ता द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में भाजपा की जिला प्रमुख को उनकी औकात दिखाने जैसी चेतावनी देने से जैन समाज में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। साथ ही भाजपा के ही कई वरिष्ठ पदाधिकारी व निष्ठावान कार्यकर्ता नारायण सिंह आमली के बिगडे बोल की कड़े शब्दों में निन्दा कर इसका खामियाजा विधानसभा चुनाव में पार्टी को भुगतने की चेतावनी दे रहे हैं।

वायरल वीडियो में नारायण सिंह ने अपनी पीड़ा व गुस्से का कारण बीते दिन उनियारा में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री की मौजूदगी में लगी प्रचार-सामग्री में टोंक लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभाओं में एक मात्र व लगातार दूसरी बार भाजपा विधायक बने कन्हैयालाल चौधरी का फोटो नहीं छपवाने को लेकर जिला प्रमुख के प्रति चेतावनी भरा मैसेज वायरल किया है। कांग्रेसजन इस वीडियो को जमकर वायरल कर विधायक की सह पर करीबी कार्यकर्ता द्वारा इस प्रकार का चेतावनी भरा वीडियो वायरल करना बता रहे हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा से जानकारी चाहने पर उन्होंने वायरल वीडियो की जानकारी होने से साफ इंकार करते हुए दबी जुबान में जिम्मेदार कार्यकर्ता व पूर्व पदाधिकारी द्वारा पार्टी के जिला प्रमुख व उनके पति के प्रति अशोभनीय बयानों की निन्दा की। तो सांसद व विधायक सहित शहर अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी वीडियो को लेकर चुप्पी साधे बैठे हैं जिसका कारण व सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है।

# चचेरे बहन-भाई ने आत्महत्या की

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा की जनता कॉलोनी में एक चचेरे बहन व भाई ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना पर थानाधिकारी छोटेलाल जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि कुएं में लड़की की लाश तैरती हुई दिखाई दी लेकिन लड़के की लाश कुएं में नहीं दिखी। इस पर टोंक से सीडीएफ एवं एफएसएल टीम को मौके पर बुलवाया। मौके पर पहुंची सीडीएफ टीम के जवानों ने कुएं में उतरकर लड़की का शव बाहर निकाला और युवक के शव की तलाश की गई। काफी मशक्तत के बाद शव को बरामद किया और कुंए से बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। मृतकों के परिजनों ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात को अफजल व उर्मिला घर से गायब हो गए थे, जिन्हें परिजन रातभर ढूंढते रहे। गुरूवार की सुबह करीब सात बजे दोनों को ढूंढते हुए परिजन कुंए के पास पहुंचे जहां दोनों की चप्पल मिली और कुंए में मृतका का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। मौके पर पहुंची पुलिस व एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि जनता कालोनी निवासी अफजल उम्र 19 वर्ष पुत्र कालू तथा उर्मिला उम्र 18 वर्ष पुत्री नजीर खां के बीच प्रेम प्रसंग था तथा दोनों रिश्ते में चचेरे भाई बहन थे। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद ही नहीं हुआ।

### हादसे में सेना के जवान का निधन

**हिंडौन सिटी।** कृषि उपज मंडी के पास महवा बाइपास पर बुधवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से सेना एक जवान का निधन हो गया। घटना की सूचना पर नई मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायल को पुलिस जीप में लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। जिसमें मृतक के भाई रामवीर, उदयसिंह और अन्य परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में रखवा दिया। नई मंडी पुलिस थाने के मुकेश सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मूलत करौली के नयाबांस और हाल निवासी तिलक नगर का दिनेश गुर्जर (30) पुत्र हंसराम गुर्जर के रुप में हुई है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को कराया गया।

# चिंकारा हिरण का शिकार करने का आरोपी गिरफ्तार

## हिरण शिकार के आरोपी को भेजा रिमांड पर



पुलिस गिरफ्त में हिरण शिकार का आरोपी।

**सुजानगढ़/बिदासर, (निसं)।** बीदासर के परावा गांव की रोही में चिंकारा हिरन (नर) का शिकार करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पारेवडा निवासी गिरफ्तार आरोपी बजरंग सिंह को आज कोर्ट में पेश किया गया।

कोर्ट ने उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी ओकेश यादव ने बताया कि बुधवार को टीम ने कार्रवाई करते हुए शिकारी बजरंग सिंह निवासी पारेवडा बीदासर को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार शिकारी से एक बाइक और एक चिंकारा हिरन का शव बरामद किया गया। चिंकारा हिरन का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सकों के मेडिकल बोर्ड से करवाया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। यादव ने बताया कि वन्यजीव शिकारियों के विरुद्ध चुरू डीएफओ सविता दहिया आईएफएस के निर्देशानुसार जारी अभियान के तहत सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक वनपाल रामरती मीना, सहायक वनपाल महेंद्र सिंह, वनरक्षक राकेश विश्नोई, वीरेंदर सिंह आदि शामिल रहे।

# पाली जिले में ''बिपरजॉय'' तूफान का 16, 17 और 18 जून तक रहेगा असर, प्रशासन सतर्क

## अति भारी बारिश और तेज अंधड़ का पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन को लेकर तैयारियां चाक-चौबंद

- जिला कलेक्टर और एसपी ने आमजन से सावधानी बरतने और तूफान के दौरान घरों से रहने की अपील की

**पाली, (नि.सं.)।** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय को लेकर मौसम विभाग, आपदा प्रबंधन सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी को लेकर राज्य सरकार के निर्देशानुसार पाली में जिला प्रशासन सतर्क है। आपदा प्रबंधन को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस बीच जिला कलक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक गगनदीप सिंगला ने आमजन से सावधानी बरतने और तूफान के दौरान घरों से रहने की अपील की।

जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बताया कि मौसम विभाग की एडवाइजरी के मुताबिक चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का पाली जिले में 16 जून से 18 जून तक प्रभाव रहेगा। इसके चलते 16 जून को तेज अंधड़ के साथ अति भारी बारिश होने, 17 जून को अंधड़ और अत्यधिक भारी बारिश तथा 18 जून को भी भारी बारिश होने की संभावना है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए प्रशासन ने सभी जरूरी तैयारियां कर ली हैं। जिला, ब्लॉक स्तर तथा विभागवार नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा बाढ़ के हालातों से निपटने के लिए जिला से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर रस्से, रेत के कट्टों, टॉर्च, वाटर पंप, मड पंप, नाव आदि की व्यवस्था की गई है। जिले में एसडीआरएफ की टीम के साथ पुलिस, होमगार्ड, गोताखोर आदि की तैनातगी सुनिश्चित कर ली गई हैं।

निचले क्षेत्रों में जहां पानी भरने की संभावना रहती है, वहां निवासरत लोगों को चिन्हित कर लिया है तथा जरूरत पड़ने पर उन्हें तत्काल सुरक्षित क्षेत्र में शिफट किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने नदी-नाले के आसपास की बस्तियों-अस्थायी डेरों में निवासरत लोगों से भी प्रशासन के काम में सहयोग करने तथा अधिकारियों के कहने पर अपने मकान खाली कर आगामी 3-4 दिन के लिए सुरक्षित स्थलों पर चले जाने का आग्रह किया। साथ ही कच्चे मकानों तथा जर्जरहाल भवनों में रह रहे लोगों से भी तूफान के दौरान मकान में नहीं रहने तथा किसी सुरक्षित स्थल पर चले जाने की अपील की। जिला कलेक्टर ने तेज आंधी अंधड़ व मेघ गर्जन के दौरान आमजन से घरों के अन्दर रहने, बड़े पेड़ों के नीचे खड़े ना होने, कच्ची दीवारों के पास खड़े नहीं होने, पशुओं को पेड़ से नहीं बांधने, घर में बिजली के उपकरणों का संपर्क हटा देने, बिजली के खंभों के पास व नीचे दुपहिया व चार दुपहिया वाहन खड़ा नहीं करने, जिन घरों में टीन शेड है उनके गेट बंद रखने, बड़े होर्डिंग्स लगे स्थानों से दूर रहने, विद्युत खंभों तारों व ट्रांसफार्मर आदि से पर्याप्त दूरी बनाए रखने सहित अन्य सावधानियां बरतने की अपील की है। उन्होंने अंधड़ के दौरान खुले मैदान में होने पर नीचे लेट जाने अथवा नजदीकी सुरक्षित स्थलों पर आश्रय लेने की भी अपील की। जिले में बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव राहत कार्य के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष व विभिन्न विभागीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। आमजन किसी भी तरह की आपात स्थिति की सूचना दे सकते हैं।

# चक्रवाती तूफान ''बिपरजॉय'' को लेकर अजमेर डिस्कॉम हाई अलर्ट

## एफआरटी सहित निगम की टेक्निकल टीम अलर्ट पर रहे : निर्वाण

**अजमेर/झुंझुनूं, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम ने चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के प्रभाव के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए हाई अलर्ट घोषित किया है। डिस्कॉम ने अस्पतालों जैसी महत्वपूर्ण जगहों पर आपूर्ति को हर हाल में चालू रखने के लिए सभी इंजीनियर्स को विशेष निर्देश जारी किए हैं। बिपरजॉय चक्रवात के दौरान डिस्कॉम के अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय नही छोड़ सकेंगे।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने बिपरजॉय चक्रवात को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों एवं अन्य आवश्यक जगहों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अगर आवश्यक हो तो वहां डिस्कॉम का टेक्निकल स्टाफ भी नियुक्त किया जाए। अजमेर डिस्कॉम क्षेत्र के सभी 11 जिले भी इस चक्रवात के प्रभाव क्षेत्र में आते हैं। चक्रवात के खतरे को देखते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। साथ ही टेक्निकल टीम के साथ आवश्यक मटेरियल की भी पहले से प्रबंध करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने निर्देश दिए कि एफआरटी टीम अलर्ट पर रहे तथा समयबद्ध उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करें।

निर्वाण ने बताया कि चक्रवात को देखते हुए डिस्कॉम ने अतिरिक्त जोनल एवं सर्किल स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष तैयार किए है। ये नियंत्रण कक्ष अगले निर्देशो तक 24 घंटे कार्य करते रहेंगे। किसी भी खराबी की सूचना तुरंत संबंधित सर्कल स्तर और जोनल स्तर नियंत्रण कक्ष को दी जाएगी, उसके बाद मुख्यालय स्तर के नियंत्रण कक्ष को इसकी सूचना दी जाएगी। डिस्कॉम का कॉल सेन्टर भी 24 गुणा 7 कार्य कर रहा है। उपभोक्ता 18001806565 पर कॉल कर भी अपनी समस्या दर्ज करा सकते है।

निर्वाण ने बताया कि अजमेर डिस्कॉम ने पहले भी आपदा प्रबंधन में बेहतरीन कार्य किया है। अजमेर डिस्कॉम अस्पतालों एवं अन्य जरूरी जगह में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अपनी हरसंभव कोशिश करेगा। इसके लिए डिस्कॉम की टीम 24 घंटे कार्य कर रही है। यदि इस तूफान से कोई क्षेत्र प्रभावित होता है तो सबसे पहले उस क्षेत्र की सप्लाई को प्राथमिकता पर सबसे पहले सुचारु रूप से चालू किया जाएगा। निर्वाण ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि अगर चक्रवात के कारण विद्युत सप्लाई में कुछ विलंब हो जाए तो वे डिस्कॉम कर्मचारियों को अपना सहयोग दें।

**नैनवां में प्रशासन अलर्ट मोड़ पर पुलिस की जनता से अपील :-** बीपरजाय तूफान को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। थाना अधिकारी सुभाष शर्मा के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य स्थानों पर तूफान को लेकर सुरक्षित स्थानों पर रहने की मुनादी करवाते हुए जनता से सुरक्षा बरतने की अपील की। थानाधिकारी सुभाष चंद शर्मा ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन करते हुए बीपरजॉय तूफान के प्रभाव को देखते हुए आम जनता को सुरक्षा बरतने तूफान से बचने के उपाय बताए गए।

# राजस्थान में नहीं है कोई भी कार्यकारी अध्यक्ष : बी. वी. श्रीनिवास

## जयपुर आये यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट किया

■ जबकि दो दिन पहले ही राजस्थान प्रभारी ने सर्वाधिक वोट लेकर आने वाले पहले तीन नेताओं को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित कर दिया था

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान यूथ कांग्रेस चुनाव में विवाद था। परिणामों को लेकर विवाद है और यह विवाद सुलझने में अभी लंबा वक्त लग सकता है। इस विवाद को और बढ़ाया है राजस्थान के प्रभारी शाहिद मोहम्मद ने, जिन्होंने दो दिन पहले कहा था कि राजस्थान में परिणाम नहीं आने तक पहले तीन नंबर पर आने वाले युवा नेताओं को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है, लेकिन अब जयपुर आए राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने स्पष्ट कर दिया है कि राजस्थान में कोई भी कार्यकारी अध्यक्ष नहीं बनाया गया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने गुरुवार को साफ कर दिया है कि राजस्थान में यूथ कांग्रेस ने अभी किसी नेता को कार्यकारी अध्यक्ष नहीं बनाया है। श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान में यूथ कांग्रेस के चुनाव में लाखों की संख्या में ऐसे वोट हैं, जो रिजेक्ट हो गए थे। अभी ऐसे वोटों की रिकाउंटिंग रही है और हर वोट के रिजेक्शन होने का कारण देखा जा रहा है। अभी राजस्थान में कोई कार्यकारी अध्यक्ष नहीं होकर तीनों सर्वाधिक वोट लेने वाले डेलीगेट ही हैं। दरअसल जब प्रभारी शाहिद ने यह घोषणा की थी कि राजस्थान में तीन कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर उन्हें 13-13 जिले दे दिए गए हैं। इसके बाद में सर्वाधिक वोट लेने वाले अभिमन्यु पूनिया ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्पष्ट कर दिया था कि उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष नहीं बनाया गया है और राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से उन्हें संगठन के काम की जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वे उसे पूरा करते रहेंगे। इस विवाद को आज राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान यूथ कांग्रेस चुनाव के परिणामों में विवाद उस दिन शुरू हुआ था, जब 13 मई को यह स्पष्ट हुआ था कि चुनाव में किस प्रत्याशी को कितने वोट मिले हैं। उस दिन अभिमन्यु पूनिया बाकी उम्मीदवारों से 30,000 ज्यादा वोट लेकर पहले नंबर पर थे। सबसे ज्यादा वोट लेने के बावजूद अभिमन्यु पूनिया को विजेता घोषित किए जाने की बजाए चुनाव में 3 सर्वाधिक वोट प्राप्त करने वाले नेताओं का अभी इंटरव्यू पेंडिंग है। इसके बाद ही नतीजे डिक्लेयर किए जाएंगे। इस बीच दो दिन पहले राजस्थान यूथ कांग्रेस के प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने घोषणा कर दी थी कि तीनों सर्वाधिक वोट लेने वाले नेताओं को फिलहाल कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर उन्हें राजस्थान के 13-13 जिलों का प्रभार सौंपा गया है, जिस पर अभिमन्यु पूनिया ने भी नाराजगी जाहिर की थी।

इसी के साथ यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास ने यह भी साफ कर दिया कि टिकट के मामले में यूथ कांग्रेस का कोई कोटा फिक्स नहीं है। जिस यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता का नाम सर्वे के साथ ही जमीनी स्तर से सामने आएगा, उस कार्यकर्ता के टिकट के लिए वह खुद पैरवी करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव भी योग्य यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को टिकट दिया गया था और इस बार भी ऐसा ही होगा। बीवी श्रीनिवास ने बताया कि आज यूथ कांग्रेस की बैठक होने के पीछे प्रमुख कारण राजस्थान की योजनाओं का जिला, विधानसभा और ब्लॉक स्तर तक प्रचार करने के साथ ही केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों के प्रचार के लिए रणनीति बनाना है।

## राजे ने माँ छिन्न मस्तिका रजरप्पा की विशेष पूजा की

जयपुर। पूर्व सीएम व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे ने कहा कि असंभव को संभव करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तासीर है। पूर्व सीएम ने झारखंड में माँ छिन्न मस्तिका रजरप्पा की विशेष पूजा भी की।

उन्होंने 9 साल के कार्यकाल में वो कर दिखाया, जो ग़ैर भाजपा के 9 प्रधानमंत्री नहीं कर पाये। वे गुरुवार को झारखंड के बगोदर क़स्बे में मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित महा जनसम्पर्क अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। इस कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व सीएम बाबू लाल मरांडी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा भी मौजूद थी।

## बिपरजॉय से निपटने के लिए एस.डी.आर.एफ. की हुई तैनाती

जयपुर। 'बिपरजॉय' का राजस्थान में देर रात से भारी असर देखने को मिलने वाला हैं। इसे लेकर राजस्थान सरकार सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो चुकी हैं। राजस्थान सरकार ने आपदा को देखते हुए सेना को भी अलर्ट पर रहने के लिए पत्र लिखा हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी भारी वर्षा को देखते हुए राज्य सरकार ने जिला कलेक्टर को पहली बार यह पावर दे दी है कि वह भी अपने जिले में आपदा और लोगों की परेशानी को देखते हुए सेना के हेलिकॉप्टर मंगवा सकते हैं। वहीं राज्य सरकार, जिला प्रशासन और सेना के अधिकारियों का एक वॉट्सऐप ग्रुप बना दिया गया हैं। जिससे हर घंटे में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ग्रुप में जिले की स्थित के बारे में अपडेट करेंगे। जिससे बिपरजॉय के राजस्थान में पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी समय-समय पर राजधानी में मिलेगी साथ ही अगर किसी जिले को किसी भी प्रकार की रिस्पॉन्ड फोर्स की जरूरत होगी तो उसे तत्काल दे दी जाएगी।

एडीजी आलोक वरिष्ठ ने बताया कि बिपरजॉय से पश्चिमी-दक्षिणी राजस्थान के साथ-साथ मध्य जिले भी प्रभावित होंगे। एसे में अति संवेदनशील 15 जिलों में की 25 टीमों को क्विक रिस्पॉन्ड करने के लिए तैनात कर दिया गया हैं। वहीं जिला मुख्यालय पर रिजर्व में 25 टीमों को और रखा हैं। जयपुर मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया हैं।

## पुरूष आयोग के गठन को लेकर जनहित याचिका पेश

जयपुर, (का.सं.)। प्रदेश में पुरुष आयोग के गठन की गुहार करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट में जनहित याचिका पेश की गई है। हाईकोर्ट की खंडपीठ मामले में ग्रीष्मावकाश के बाद सुनवाई करेगी।

ऋचा सैनी की ओर से पेश इस जनहित याचिका में कहा गया है कि संविधान में महिलाओं के कल्याण के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। वहीं उनका सामाजिक जीवन स्तर उठाने और सामाजिक सुरक्षा के लिए कई कानूनों का भी निर्माण किया गया है। वहीं पुरुषों के लिए अलग से कोई कानून अस्तित्व में नहीं है। याचिका में कहा गया कि कई महिलाएं घरेलू हिंसा कानून का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन पीड़ित पुरुषों की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। वहीं कई मामलों में महिलाएं सहमति से संबंध बनाती है और बाद में पुरुष को ब्लैकमेल करने के लिए दुष्कर्म का आरोप लगा देती हैं। ऐसे में मामले में पुरुष को साबित करना पडता है कि उसने दुष्कर्म नहीं किया है। इसके अलावा कई महिलाएं सरकारी नौकरी में तलाकशुदा का आरक्षण लेने के लिए शादी के तुरंत बाद तलाक ले लेती हैं। याचिका में क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया कि पुरुषों की आत्महत्या का एक बड़ा कारण महिलाओं की प्रताड़ना भी है। महिलाएं कानूनों को हथियार के रूप में काम में लेकर पुरुषों को प्रताड़ित कर रही हैं। इसके बावजूद पुरुषों के पास ऐसा कोई मंच नहीं है, जहां वे अपनी पीड़ा बता सके।

## फोर्टिस अस्पताल के खिलाफ 3 सदस्यीय जांच कमेटी गठित

### फोर्टिस अस्पताल में सर्जरी के दौरान मरीज के हार्ट के पास कैंची छूटने का मामला

■ मरीज की मौत होने पर अंतिम संस्कार के बाद अस्थि फूल चुनने के दौरान हार्ट के पास सर्जिकल कैची मिली

■ चिकित्सा मंत्री के निर्देश पर जनस्वास्थ्य निदेशक की अध्यक्षता में गठित समिति गठित तीन दिन में सौंपेगी जांच रिपोर्ट

■ मृतक के परिजनों ने अस्पताल के खिलाफ जवाहर सर्किल थाने में मुकदमा दर्ज कराया

जयपुर । जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में सर्जरी के दौरान मरीज के हार्ट के पास कैंची छूटने के मामले में चिकित्सा विभाग ने जांच के लिए तीन सदस्य समिति का गठन किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के निर्देश पर मामले की जाँच के लिए विभाग ने समित गठित की है। कमेटी को मामले की त्वरित जाँच कर तीन दिन में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये गए है।

गौरतलब है कि मीडिया में सर्जरी के दौरान हार्ट के पास कैची छूट जाने के मामले में खबर आने के बाद चिकित्सा विभाग हरकत में आ गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सा मंत्री ने जांच के निर्देश दिए। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए विभाग ने जनस्वास्थ्य निदेशक की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की समिति गठित की है। इसमें जनस्वास्थ्य निदेशक निदेशक रवि प्रकाश माथुर के अलावा अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन सुशील कुमार परमार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय बीएल मीणा को शामिल किया गया है। यह समिति तीन दिन में मामले की जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

मामले के अनुसार जयपुर के फोर्टिस हॉस्पिटल के डॉक्टर्स के खिलाफ जवाहर सर्किल थाने में मामला दर्ज हुआ। इसमें मानसरोवर इलाके में रहने वाले मृतक के बेटे कमल ने पुलिस को बताया कि उसके पिता उपेंद्र शर्मा (74) की तबीय खराब होने पर 29 मई को फोर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां 30 मई की रात को उनकी हार्ट सर्जरी हुई थी।

यहां डॉ. राकेश चित्तौड़ा से इलाज शुरू किया। रात करीब डेढ़ बजे उन्हें ऑपरेशन थियेटर से बाहर लेकर आया गया, लेकिन, सुबह 4 बजे एक टीम दोबारा उन्हें वार्ड में से ऑपरेशन थियेटर ले गई। इसके बाद 31 मई शाम तक डिस्चार्ज कर दिया था। इसके बाद से वे घर पर ही थे। बेटे ने आरोप लगाया कि घर लाने पर दो दिन बाद ही पिताजी की तबीयत बिगड़ने लगी।

इसी बीच 12 जून को तबीयत बिगड़ने लगी और रात 8:30 बजे उनकी मौत हो गई। अगले दिन 13 जून को महारानी फॉर्म स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद जब श्मशान में फूल चुनने गए तो वहां अस्थियों में एक सर्जिकल कैंची मिली। बेटे का कहना है कि पिता को जिस दिशा में लिटाया गया था उसी दिशा में हार्ट के पास ये सर्जिकल कैंची मिली है।

## तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन में गंभीरता बरतें

जयपुर । तंबाकू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए संचालित किए जा रहे तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन की प्रगति रिपोर्ट राज्य स्तर पर नहीं भिजवाने पर करौली एवं बाड़मेर जिले को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही सभी जिलों को इस कैंपेन में गंभीरता बरतने और निर्धारित कार्यवाही यथासमय पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम राज्य सरकार की जन घोषणा के अनुसार प्राथमिकता का कार्य है। बाड़मेर एवं करौली जिलों द्वारा युवाओं में नशे की लत को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने तथा निरोगी राजस्थान अभियान की क्रियान्विति के लिए 60 दिवसीय तम्बाकू फ्री यूथ कैंपेन की प्रथम सप्ताह की प्रगति रिपोर्ट नहीं भिजवाने पर लापरवाही बरतने की कारण जानने के लिये नोटिस दिये गये हैं। उन्होंने सभी जिलों में अभियान गतिविधियों की क्रियांविती में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं।

## काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती : सी.पी. जोशी

■ 'प्रदेश में भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कैसे हो, जांच करने वाले अधिकारी खुद जांच के दायरे में'

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सुबह-शाम केंद्र सरकार और भाजपा को कोसते हैं, लेकिन वे यह बताएं प्रदेश की जनता को जो वादा करते हैं उस पर कायम क्यों नहीं रहते। 2018 के चुनावी वादे में आप ने किसानों के कर्ज माफी, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, सस्ती बिजली और महंगाई से मुक्ति का वादा किया था परंतु 4.5 वर्षों तक एक भी वादा पूरा नहीं किया। अब जो आप जनता में सहूलियत दे रहे हैं, जनता वह लेकर भी आप को वोट नहीं देगी। काठ की हांडी एक बार चढ़ सकती है बार-बार नहीं।

जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री यूथ कांग्रेस को संबोधित कर रहे थे, परंतु उन्हें सबसे अधिक समस्या ही युवाओं से है। जब कोई युवा आगे बढ़ना चाहता है, तो उसे निकम्मा, नकारा कह कर स्वीकार नहीं करते। मुख्यमंत्री आप कहते हैं कि आलाकमान के फैसले को स्वीकार करना चाहिए, तो 25 सितंबर को वर्तमान के कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष जब आलाकमान का संदेश लेकर जयपुर आए थे तो आपने उनके फैसले को स्वीकार क्यों नहीं किया? आपके मुंह से नैतिकता की बातें आपके पार्टी के लोगों और जनता को पच नहीं सकती।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि सुबह शाम सिर्फ भाजपा को कोसने से आपकी सरकार रिपीट नहीं होगी। आपको जनता के लिए काम करना चाहिए। अपने चुनावी घोषणा पत्र और पिछले 4 बजट में आपने जितनी घोषणाएं घोषित की थी, उसमें से कितनी पूरी की है, यदि इस विषय पर आप चिंता करें, तो स्वयं पर लज्जा महसूस होगी।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के सवालों का जवाब देते हुए सीपी जोशी ने कहा कि हम शासन के खिलाफ नहीं हैं हम भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ हैं। सत्ताधारी कांग्रेस नेताओं और उनके पुत्र बड़े घोटालों और अवैध कार्यो में लिप्त हैं। जोशी ने कहा कि प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार पर तंज कसते हुए जोशी ने कहा कि भ्रष्टाचार का आलम यह है कि जांच करने वाले अधिकारी खुद ही जांच के दायरे में है।

# एशिया कप 31 अगस्त से

## 9 मैच श्रीलंका में, 4 मैच पाकिस्तान में

दुबई, 15 जून। एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले एशिया कप 2023 की शुरुआत 31 अगस्त को होगी, जबकि इसका फाइनल 17 सितंबर को खेला जायेगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल को एसीसी की पुष्टि मिलने के बाद टूर्नामेंट पाकिस्तान में चार मैचों के साथ शुरू होगा। उसके बाद अंतिम नौ मैचों लिये टूर्नामेंट श्रीलंका का रुख करेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पाकिस्तान जाने से मना करने के बाद पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी ने यह हाइब्रिड मॉडल प्रस्तावित किया था। एशिया कप 2023 भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बंगलादेश, अफगानिस्तान और नेपाल सहित छह टीमों का टूर्नामेंट होगा। नेपाल ने पहली बार इस आयोजन में जगह बनायी है। साल 2022 में संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित टी20 एशिया कप में पाकिस्तान को हराने के बाद श्रीलंका गत एशियाई चैंपियन है। इस साल श्रीलंका ग्रुप-बी में बंगलादेश और अफगानिस्तान के साथ है, जबकि भारत को लीग चरण में पाकिस्तान और नेपाल के ग्रुप में रखा गया है। हर ग्रुप से दो टीमें सुपर-चार चरण में प्रवेश करेंगी। दूसरे चरण में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें 17 सितंबर को फाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगी।

## भारत के रोनाल्डो सिंह ने एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैम्पियनशिप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

नयी दिल्ली, 15 जून। भारतीय साइकिलिस्ट रोनाल्डो सिंह लाइतोंजाम ने बृहस्पतिवार को मलेशिया के नियाली में एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैम्पियनशिप में 9.877 सेकंड का समय निकालकर पुरूषों की स्प्रिंट स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। रोनाल्डो टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना का हिस्सा हैं । वह 10वें स्थान पर रहकर पुरूषों की स्प्रिंट में आर16 के लिये क्वालीफाई करने में कामयाब रहे । भारतीय खेल प्राधिकरण ने ट्वीट किया ,'' अनुभवी भारतीय साइकिलिस्ट रोनाल्डो सिंह ने पुरूषों के स्प्रिंट क्वालीफिकेशन (200 मीटर फ्लाइंग टाइम ट्रायल) में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। वह 9.877 सेकंड का समय निकालकर एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैम्पियनशिप में दसवें स्थान पर रहे ।''

## इंडोनेशिया ओपन : सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में, सिंधु बाहर



जकार्ता, 15 जून। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन के दूसरे चरण में गुरुवार को चीन के ही जी टिंग और झोउ हाओ डॉन्ग को हराकर शीर्ष-आठ में जगह बना ली, जबकि खराब फॉर्म से जूझ रही शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु चीनी ताइपे की ताई जू यिंग से हारकर साल के आखिरी सुपर 1000 इवेंट से बाहर हो गईं।

विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर मौजूद सात्विक-चिराग की जोड़ी ने शानदार फॉर्म में चल रही टिंग-झोउ की जोड़ी को 21-17, 21-15 से हराने के लिये सिर्फ 46 मिनट का समय लिया। क्वार्टरफाइनल में सात्विक-चिराग का सामना इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान अर्दियांतो से होगा। दूसरी ओर, यिंग ने सिंधु को मात्र 39 मिनट में 21-18, 21-16 से मात दी। यह आमने सामने के मुकाबलों में यिंग की सिंधु पर 19वीं जीत है, जबकि भारतीय शटलर ने सिर्फ पांच बार बाज़ी मारी है। इसी बीच, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने अपने अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। श्रीकांत ने अपने हमवतन लक्ष्य सेन को रोमांचक प्री क्वार्टरफाइनल में 21-17, 22-20 से मात दी। प्रणय ने हॉन्ग कॉन्ग के एंजी का लॉन्ग को 21-18, 21-16 से मात दी। अगले चरण में श्रीकांत का सामना चीन के ली शी फेंग से होगा। प्रणय विश्व रैंकिंग में नंबर चार, जापान के कोडाई नाराओका से भिड़ेंगे।

## टेस्ट टीम में पुजारा की जगह ले सकते हैं जायसवाल

मुंबई, 15 जून। जुलाई में होने वाले भारत के वेस्ट इंडीज दौरे पर युवा प्रतिभा यशस्वी जायसवाल भारतीय टेस्ट टीम में अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की जगह ले सकते हैं। वेस्ट इंडीज दौरा 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में उनकी पहली शृंखला होगी, लेकिन चयनकर्ता डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार के बाद टीम में बड़े बदलाव करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे का डोमिनिका और त्रिनिदाद में होने वाले दो टेस्ट मैचों में खेलना निश्चित है, लेकिन टीम में चेतेश्वर पुजारा की जगह पर एक सवालिया निशान है।

टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय से भारत के लिये नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने वाले पुजारा ने 2020 के बाद से 29.69 की निराशाजनक औसत से 52 पारियों (28 टेस्ट) में केवल एक शतक बनाया है। दिसंबर 2022 में चटगांव टेस्ट में उनके 90 और 102 नाबाद के स्कोर को हटाने पर उनकी बल्लेबाजी औसत गिरकर 26.31 हो जाती है।

रिपोर्ट के अनुसार, पुजारा का टेस्ट टीम से बाहर जाना तय नहीं है, लेकिन इतना कहा जा सकता है कि एकादश में उनकी जगह टिकाऊ नहीं रही। अगर उन्हें वेस्ट इंडीज दौरे के लिये चुना भी जाता है तो उनका खेलना सुनिश्चित नहीं है। क्रिकबज़ के अनुसार, भारतीय टीम प्रबंधन इस स्थान के लिये जायसवाल को आज़मा सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एक झटके में टीम की रूपरेखा बदलकर कोई प्रयोग नहीं करना चाहता और रोहित शर्मा खेल के सबसे लंबे प्रारूप में भारत के कप्तान बने रहेंगे। क्रिकबज़ ने बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से कहा, हर टेस्ट महत्वपूर्ण है, और इसका परिणाम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में योगदान देता है। हम टेस्ट मैच में प्रयोग नहीं कर सकते।''

टीम में पुजारा की जगह के अलावा चयनकर्ता मोहम्मद शमी को आराम देने पर भी विचार कर सकते हैं। शमी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद से लगातार गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले 17 आईपीएल मैच भी खेले। अक्टूबर-नवंबर में भारतीय सरज़मीन पर होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए शमी को विंडीज टेस्ट शृंखला में आराम दिया जा सकता है। आंध्र प्रदेश के विकेटकीपर श्रीकर भरत डब्ल्यूटीसी फाइनल में बल्ले से प्रभावशाली प्रदर्शन न कर पाने के बावजूद टेस्ट टीम में अपना स्थान बरकरार रख सकते हैं। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की अनुपस्थिति में संजू सैमसन एकदिवसीय और टी20 टीम में वापसी कर सकते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के लिए राहत की खबर, चोट लगने के बाद स्टीव स्मिथ ने की बल्लेबाजी प्रैक्टिस



बर्मिंघम, 15 जून। एशेज सीरीज के शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए राहत की खबर सामने आई है। टीम के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ बुधवार को चोटिल होने के बाद पहले एशेज 2023 टेस्ट की पूर्व संध्या पर बल्लेबाजी प्रैक्टिस करते हुए नजर आए, जोकि ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए राहत की खबर है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ट्वीट करके इसकी पुष्टि की है। 16 जून से शुरू होने वाले मैच से पहले नेट्स सत्र के दौरान स्मिथ को बड़ी चोट लगी थी। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज 2023 का पहला टेस्ट एजबेस्टन में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ बुधवार को आईसीसी की ताजा बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में शतक ठोका है और एशेज सीरीज में टीम के अहम बल्लेबाज साबित हो सकते हैं। 34 वर्षीय एशेज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड में खेलते हुए उनका रिकॉर्ड शानदार है, उन्होंने 14 मैचों में 65.08 के औसत से 1627 रन बनाए हैं।

स्टीव स्मिथ ने पिछले एशेज सीरीज में दमदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सात पारियों में 774 रन बनाए थे। स्मिथ इस बार भी जबर्दस्त फॉर्म में हैं। फॉक्स क्रिकेट के मुताबिक स्मिथ की अंगुली में नेट सेशन के दौरान चोट लगी थी और वह दर्द में दिखे। स्टीव को चोट के कारण प्रैक्टिस रोकनी पड़ी और फिर उनका इलाज हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक प्लेइंग इलेवन का ऐलान नहीं किया है, जबकि इंग्लैंड ने बुधवार को ही अपनी इलेवन बता दी थी।

## बृजभूषण के खिलाफ पॉक्सो रद्द करने की रिपोर्ट दाखिल

नयी दिल्ली, 15 जून। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज मामले को रद्द करने की रिपोर्ट दाखिल की। दिल्ली पुलिस ने संबंधित मामले की जांच के बाद पटियाला हाउस अदालत में यह रिपोर्ट दाखिल की। इससे पहले केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने पिछले सप्ताह पहलवानों से अपने सभी विरोध को वापस लेने का अनुरोध करते हुए आश्वासन दिया था कि पुलिस से 15 जून तक आरोपपत्र दाखिल करने के लिए कहा गया है।

दिल्ली पुलिस ने जांच पूरी होने के बाद अदालत के समक्ष एक रिपोर्ट पेश की है और पीड़िता एवं उसके पिता के बयानों के आधार पर डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ पॉक्सो मामले को रद्द करने का अनुरोध किया है। पुलिस ने नाबालिग के बयान और जांच के विवरण को शामिल किया और कोई साक्ष्य नहीं मिलने पर इसे रद्द करने की रिपोर्ट दाखिल की है।

इसके अलावा दिल्ली पुलिस द्वारा दायर चार्जशीट में तीन अन्य धाराओं के तहत आरोप तय किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली पुलिस ने पहलवानों की शिकायत के आधार पर बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण के चार मामले दर्ज किये थे, जिनमें से एक पॉक्सो से संबंधित था। मामले की अगली सुनवाई के लिए चार जुलाई की तिथि मुकर्रर की गयी है।

## एशिया कप तक वापसी कर सकते हैं बुमराह, अय्यर

बेंगलुरु, 15 जून। शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पूरी तरह फिट होकर अगस्त-सितंबर में होने वाले एशिया कप 2023 तक भारतीय टीम में वापसी कर सकते हैं।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह और अय्यर दोनों अपनी-अपनी पीठ की सर्जरी करवाकर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब से गुज़र रहे हैं। एनसीए के मेडिकल कर्मियों को उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी एशिया कप तक पूरी तरह से फिट हो जायेंगे। उल्लेखनीय है कि बुमराह की मार्च में न्यूजीलैंड में सर्जरी हुई थी। वह पिछले सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद से मैदान पर नहीं उतरे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह मुख्य रूप से फिजियोथेरेपी करवा रहे हैं लेकिन हाल में उन्होंने गेंदबाजी अभ्यास भी शुरु किया है जिसे धीरे-धीरे बढ़ाया जायेगा।

श्रेयस को अपनी पीठ के निचले हिस्से में उभरी हुई डिस्क से परेशान होकर मार्च में अहमदाबाद में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का अंतिम टेस्ट बीच में छोड़ना पड़ा था। उसके बाद उन्होंने मई में लंदन में सर्जरी करवाई और अब वह फिजियोथेरेपी से गुजर रहे हैं। दोनों खिलाड़ी अपनी-अपनी समस्याओं के कारण आईपीएल 2023 और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में हिस्सा नहीं ले सके थे। एशिया कप की शुरुआत 31 अगस्त को होगी और यह टूर्नामेंट 17 सितंबर तक खेला जायेगा। टूर्नामेंट के शुरुआती चार मुकाबले पाकिस्तान में आयोजित होंगे, जबकि अन्य नौ मुकाबलों की मेजबानी श्रीलंका करेगा। भारत को इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान और नेपाल के साथ एक ग्रुप में रखा गया है।

## वरूण तोमर ने एयर विस्टल में स्वर्ण पदक जीता

भोपाल, 15 जून।जूनियर विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता वरूण तोमर ने कुमार सुरेंद्र स्मृति निशानेबाजी चैम्पियनशिप में पुरूषों की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता । उत्तर प्रदेश के वरूण ने फाइनल में 241 . 9 स्कोर किया । सेना के श्रवण कुमार उनसे 0.7 अंक पीछे रहे जिन्होंने रजत पदक जीता । सेना निशानेबाजी ईकाई के सागर डांगी ने कांस्य पदक जीता।

# बिपरजॉय तूफान को लेकर प्रशासन अलर्ट, लोगों से की सावधान रहने की अपील



गंगानगर में बिपरजॉय तूफान से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक को एडीएम ( प्रशासन ) डॉ. हरितिमा ने संबोधित किया।

■ अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) ने तैयारियों की जानकारी लेते हुए राहत और बचाव कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन डॉ. हरीतिमा ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बिपरजॉय तूफान से संभावित नुकसान से बचाव के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों द्वारा अब तक की गई तैयारियों की जानकारी लेते हुए राहत और बचाव कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से कहा कि तूफान के मद्देनजर आगामी दिनों में आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलें। बैठक में डॉ. हरीतिमा द्वारा बताया गया कि बिपरजॉय तूफान के चलते 16, 17 एवं 18 जून को तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान की संभावना है। उन्होंने मौसम विभाग की अनुशंषा के अनुसार सभी संबंधित विभागों को बचाव एवं राहत कार्यों हेतु तैयार रहने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों के प्रभावित होने की संभावना है, वहां आमजन के बचाव एवं राहत के लिए प्रशासन मुस्तैद रहें।

उन्होंने आमजन के लिए जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी की ओर से जारी की गई अपील को दोहराते हुए बताया कि तूफान संभावित क्षेत्रों में आमजन बाहर ना निकलें। अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें तथा जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर ही शरण लें। बड़े एवं पुराने वृक्षों के नीचे शरण ना लें। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाये। तूफान अथवा बरसात के दौरान होर्डिंग, पेड़ और बिजली के पोल, टीनशेड आदि से दूर रहने की अपील की गई है।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि बचाव और राहत से सभी आवश्यक इंतजाम पूर्ण रखे जाएं। पानी भराव की समस्या नहीं हो, इसके लिए समय रहते पंप सैट, मोटर्स, सिविल डिफेंस सहित कर्मचारियों की व्यवस्था रखी जाए। सड़कों के गड्ढों को भरवाया जाए ताकि आमजन को परेशानी ना हो। इस अवसर पर एडीएम सतर्कता उम्मेद सिंह रतनू, एडीएम सूरतगढ़ अरविंद जाखड़, एएसपी सतनाम सिंह, एसडीएम मनोज कुमार मीणा, बीएसएफ कमांडर एसआर खान, साधुवाली कैन्ट से मेजर डैनी, फ्लाइट लैफ्टिनेंट कपिल कुमार, नगर परिषद आयुक्त कपिल यादव, वैभव अरोड़ा, राकेश सोनी, सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता, डॉ. करण आर्य, लाभ सिंह मान, डॉ. जी. आर. मटोरिया, रमेश सुथार सहित अन्य मौजूद थे।

यहां बिपरजॉय तूफान को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इस संबंध में गुरूवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बैठक की और सिविल डिफेंस जैसे विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। एडीएम प्रशासन डॉ. हरितिमा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पर्याप्त सावाधानी बरतने का आग्रह किया गया। श्रीगंगानगर इलाके में पानी के भराव जैसी समस्या होने के कारण पानी भराव रोकने के लिए पंप सेट आदि का प्रबंध करने के लिए संबंधित विभागों को कहा गया। बैठक में एडीएम प्रशासन डॉ. हरीतिमा ने कहा कि बिपरजॉय तूफान के चलते 16,17 एवं 18 जून 2023 को तेज वर्षा के साथ आंधी-तूफान की आशंका है।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को बचाव एवं राहत कार्यों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों के प्रभावित होने की आशंका है, वहां प्रशासन की टीम आमजन के बचाव एवं राहत के लिए मुस्तैद रहें।

## इंटक संगठन का धरना स्थगित

**सूरतगढ़,** (कासं)। विद्युत विभाग के कार्यालय में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर गुरूवार से लगाया जाने वाला धरना बिपरजॉय तूफान के मद्देनजर चार दिन के लिए स्थगित कर दिया है।

बिजली घर मजदूर यूनियन (इंटक) के जिला अध्यक्ष सुनील गिरी ने बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार और निगम द्वारा बुधवार को ही एक आदेश जारी करते हुए चक्रवर्ती तूफान बिपरजॉय के असर से आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना के मद्देनजर 15 से लेकर 17 तारीख के बीच निगम के सभी कार्यालय और फील्ड कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। इसलिए निगम और आमजन के हित में आज का धरना स्थगित किया गया है।

वहीं इंटक संगठन डिस्कॉम इकाई के अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि संगठन निगम हित और सरकार के निर्देशों की पालना करते हुए आज से प्रस्तावित धरने को इस रविवार 18 जून तक स्थगित करता है। तकनीकी कर्मचारियों को फील्ड में जीएसएस पर नहीं लगाया गया तो सोमवार को सूरतगढ़ के सहायक अभियंता कार्यालय में धरना लगाया जायेगा। महामंत्री लालचंद मेहरड़ा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में तकनीकी कर्मचारियों की बहुत ज्यादा कमी है। इस वजह से अक्सर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। पिछले दिनों भी तकनीकी कर्मचारी महेन्द्र स्वामी वर्क लोड होने के कारण हादसे का शिकार हो गया था।

## सार-समाचार

### जी-20 पर युवाओं के साथ संवाद




बीकानेर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूण कुमार ने युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। स्वयंसेवी संस्था सिकोईडिकोन द्वारा गुरूवार को जी-20 पर युवाओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कृषि संग्रहालय के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरूण कुमार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को बड़े सपने देखने चाहिए और आत्म सम्मान से समझौता किए बगैर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपनी ऊर्जा को केन्द्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान की शक्ति से ही भारत के युवा भारत का गौरव बढ़ा सकते हैं। कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ सुभाष चंद्र ने कहा कि आज युवाओं को कृषि क्षेत्र में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन जैसी समस्या के समाधान में युवाओं को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में सतत विकास के विशेषज्ञ अजय झा ने जी-20 के गठन, उसकी प्रक्रिया और भारत की भूमिका पर युवाओं से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विषमता जैसे मुद्दों पर भारत को विश्व के समक्ष एक समाधान का रास्ता निकालना होगा। सिकोईडिकोन के बीकानेर प्रभारी बद्री जाट ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मौजूद शिक्षाविद शेर सिंह चारण और डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में 100 से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

### गैंगस्टर रितिक का रिमांड बढ़ाया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सदर थाना पुलिस ने गुरवार को गैंगस्टर रितिक बॉक्सर को कोर्ट में पेश किया और 4 दिन के रिमांड पर लिया है। गैंगस्टर ने आढ़त व्यापारी को वॉट्सएप कॉल कर 60 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पुलिस उससे रिमांड अवधि के दौरान रितिक ठाकुरवानी उर्फ रितिक बॉक्सर (22) पुत्र किशनचन्द सिंधी निवासी मालवीय नगर (जयपुर) से आढ़त व्यापारी से फिरौती मांगने, इसमें सहयोग करने वाले गुर्गों आदि के बारे में पूछताछ कर सबूत जुटाने की कोशिश कर रही है। इससे पहले सदर थाना पुलिस ने 9 जून को जिला जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करने के बाद गैंगस्टर रितिक बॉक्सर को 10 जून को कोर्ट में पेश किया था और 5 दिन का रिमांड मंजूर करवाया था। सदर पुलिस थाना की जांच पूरी होने के बाद रितिक बॉक्सर को अन्य मुकदमों में भी गिरफ्तार किया जायेगा। 10 दिसम्बर 2022 को हनुमानगढ़ जंक्शन में व्यापारी की दुकान पर 2 करोड़ की फिरौती मांग कर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी। इस मामले में रितिक बॉक्सर की मुंह बोली बहन समेत 4 लोगों को पुलिस गिरफ्तार किया था। इस मामले में भी पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर सकती है। इसके अलावा 27 जनवरी 2023 को टाउन निवासी डॉक्टर से फिरौती मांगने को लेकर टाउन थाने में दर्ज मामले में भी टाउन पुलिस उसे जल्द गिरफ्तार करेगी। इन दोनों ही मामलों में रितिक बॉक्सर के स्थानीय गुर्गे शामिल थे। जो फिरौती मिलने पर 10 लाख रुपए हिस्सा राशि के एवज में रैकी और फायरिंग करने को तैयार हुए थे। इन मामलों में पुलिस 1 नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### बुनियादी साक्षरता कार्यशाला




केन्द्रीय विद्यालय में साक्षरता कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर डी.ई.ओ. सुरेन्द्र सिंह भाटी ( बीच में ) ने शुभारंभ किया।

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय विद्यालय नंबर 1 में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित कार्यशाला गुरूवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि बुनियादी शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह अच्छी पहल है। बच्चों को बहुत आसान तरीके से शिक्षा दी जाए, जिससे बच्चों को सीखने और समझने में मदद मिले। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक गजानंद सेवग ने कहा कि प्रतिभागी, प्रशिक्षण का लाभ उठाएं। यहां प्राप्त ज्ञान का व्यवहारिक जीवन में उपयोग करें। केन्द्रीय विद्यालय नंबर 2 के प्राचार्य उमेश सिंह ने जी-20 के विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जी-20 के तहत विविध प्रकार की गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। केन्द्रीय विद्यालय नंबर 3 के प्राचार्य नरसिंह लाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को प्रस्तुत किया। कार्यशाला में बुनियादी साक्षरता को महत्व देते हुए भाषा ज्ञान एवं संख्या ज्ञान पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा स्तर के अनुसार मापदंड तथा मानक निर्धारित किए गए हैं। इस ज्ञान में सभी विद्या र्थियों को निपुण करने का लक्ष्य रखा गया।

# खेत में खजाना छिपा होने के नाम पर 28 लाख की ठगी

■ ठगों ने रात खेत में गड्ढा खोदा और उसमें एक पेटी रख दी जिसमें कलश व सांप निकला

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के एक खेत में खजाना छिपा होने के नाम पर दिल्ली के कुछ लोगों ने एक किसान से 28 लाख रूपये ठग लिए।

पहले खजाना निकालने के नाम पर खेत में खुदाई की गई और उसके बाद सिलसिलेवार एक नई कहानी बताकर किसान से 28 लाख रूपये की ठगी की गई। मजे की बात ये है कि ये ठगी किसी एक व्यक्ति ने नहीं बल्कि कई लोगों ने बारी-बारी से की। जिस जगह गड्ढा खोदकर खजाने की पेटी रखी गई थी। उसमें मिट्टी का कलश और एक सांप निकला। श्रीडूंगरगढ़ थाने में अब मामला दर्ज हो गया है और पुलिस छानबीन कर रही है।

दरअसल रिड़ी गांव के किसान रेवंतराम पुत्र इमरत नाथ के साथ ठगी हुई है। उसे गांव के ही लोगों ने बार-बार कहा था कि उसके खेत में खजाना छिपा हुआ है। ऐसे में जब उसने उनकी बात मान ली तो गांव के लोगों ने दिल्ली के कुछ लोगों से उसका संपर्क करवाया। शुरूआत में इन ठगों ने क्रिया के लिए रेवंतराम से दस हजार रुपए लिए। इसके बाद शुरू हुआ ठगी का खेल जो 28 लाख रूपयों तक पहुंच गया।

गांव का रहने वाला टेमाराम मेघवाल पीड़ित के पास एक व्यक्ति को लेकर आया जिसने खेत में गड़ा धन निकालने के लिए तीन लाख 86 हजार 786 रुपए की मांग रखी। रेवंतराम ने ये रुपए टेमाराम के साथ आये शख्स को दे दिए। इसके बाद खेत में धन निकालने के लिए खुदाई शुरू की गई। कुछ देर बाद शख्स ने पीड़ित से कहा- तुम्हारे खेत में कोई प्रेत-आत्मा है जो धन को निकालने नहीं दे रही है, वो बहुत गुस्से में है। ठग ने पीड़ित को कहा कि अब इस प्रेत-आत्मा को शांत करने के लिए बड़ी क्रिया करनी होगी। जिसके लिए 17 लाख 86 हजार 786 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। पीड़ित रेवंतराम उनकी बातों में आ गया और रुपए देने सीधा दिल्ली पहुंच गया। ठगों ने उसे कुतुबमीनार के पास स्थित एक दरगाह में बुलाया। ठगों ने रुपए लेकर कहा कि वो खेत में आकर ही प्रेतात्मा को शांत कर पायेगा। पीड़ित के अपने घर लौटने के बाद कुछ दिन बाद एक फोन आया जिसमें ठगों ने कहा कि आपने जिसे रूपए दिए थे उसका एक्सीडेंट हो गया है। फोन पर बात कर रहे ठग ने आगे की सारी जिम्मेदारी लेते हुए पीड़ित से कहा कि अब इस मामले में वो प्रेत-आत्मा को शांत करेगा।

पीड़ित को झांसे में लेने के बाद कहा गया कि नई क्रिया के लिए हरियाणा के फरीदाबाद से सामान लाना होगा। वो फरीदाबाद पहुंचा तो 4 लाख 10 हजार रूपये की डिमांड रख दी गई। जहां उसे 2 लाख 5 हजार रुपये जमा कराने के लिए कहा। पीड़ित ने ये राशि भी जमा करा दी। इस दौरान ठगों ने एक रात खेत में पहुंचकर एक गड्ढा खोदा और उसमें एक पेटी रख दी। पीड़ित से कहा गया कि इसे सात दिन बाद ही खोलना। जब खोला गया तो उसमें मिट्टी का कलश और एक सांप निकला।

## नहर में कूदकर जान दी

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ इलाके में अनुसूचित जाति के एक युवक द्वारा मारपीट और प्रताड़ना से परेशान होकर नहर में कूदकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। इस युवक की पुलिस कल से नहर में तलाश करवा रही थी, जिसका शव आज बरामद किया गया है।

सदर थाना प्रभारी सुभाष बराला ने बताया कि पालीवाला गांव के निवासी सुभाष (22) पुत्र मोहनलाल मेघवाल के साथ पालीवाला गांव के बस अड्डे पर कुछ लोगों ने मारपीट करते हुए उसे जातिसूचक गालियां निकालते हुए अपमानित और प्रताडित किया। इस घटना के बाद से युवक मंगलवार को घर से गायब हो गया। जिसकी परिजनों ने नहर में डूब जाने की आशंका जताई।

इस पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से पालीवाला के समीप की नहर सर्च ऑपरेशन चलाते हुए युवक के शव को बरामद किया। एसएचओ ने बताया कि इस संबंध में मृतक सुभाष मेघवाल के भाई वकील मेघवाल ने सदर थाना में ओमप्रकाश व सुभाष उर्फ बग्गी निवासी 26पीबीएन के अलावा दो अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट करने, आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज करवाया है।

# दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को पांच साल की सजा

■ सहयोगी को तीन साल की सजा सुनाई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। 15 वर्षीय किशोरी को बहाने से अपहरण कर घर ले जा दुष्कर्म की कोशिश के दोषी को 5 साल कठोर कैद की सजा सुनाई। दोषी के मददगार दोस्त को भी 3 साल कठोर कैद भुगतनी होगी। यह निर्णय पोक्सो मामलों की विशेष अदालत संख्या दो के न्यायाधीश अरूण कुमार अग्रवाल ने 14 जून को सुनाया।

न्यायालय की विशिष्ट लोक अभियोजक नवदीप कौर ने बताया कि किशोरी को अपहरण और दुष्कर्म की कोशिश का दोषी उसका रिश्तेदार है। उसे दुष्कर्म के प्रयास के दोषी होने पर 5 साल कठोर कारावास तथा 25 हजार रुपए जुर्माना, अपहरण के दोष में 3 साल कठोर कारावास और 5 हजार जुर्माना तथा अवैध रूप से अपने कब्जे में रखने के दोष में भी 3 साल की कठोर कारावास तथा 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दोषी ने जुर्माना अदा नहीं किया तो उसे तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

दोषी के साथ पूरे मामले में शामिल पाये गए उसके दोस्त 28 पीबीएन सूरतगढ़ निवासी 26 वर्षीय गुरप्रीत सिंह पुत्र दर्शनसिंह जटसिख को 3 साल की कठोर कैद तथा 5 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई है।

विशिष्ट लोक अभियोजक नवदीप कौर ने बताया कि यह मामला 21 मई 2017 को घटित हुआ था। पीडित 15 वर्षीय किशोरी के भाई ने समेजा कोठी थाना में 22 मई को सुबह पहुंचकर रिपोर्ट दी और आरोप लगाए कि उसकी बहन को आरोपी उसका साला तथा उसका दोस्त बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। मुकदमा दर्ज कर तत्कालीन एसएचओ विकास बिश्नोई ने जांच शुरू की। पीड़ित किशोरी को आरोपी के गांव के घर से बरामद कर लाया गया। पुलिस अनुसंधान में सामने आया कि पीड़ित किशोरी की बड़ी बहन आरोपी के बड़े भाई के साथ शादी की हुई है। किशोरी ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दिए कि अ्घर पहुंचने के कुछ देर बाद ही आरोपी ने पीडिता को कमरे में अकेला पाकर लैंगिक हमला कर दिया।

# लैला-मजनू की मजार पर लगा मेला

**अनूपगढ़,** (कासं)। भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित गांव 6 एमएसआर में 10 जून से शुरू हुए लैला मजनू के 5 दिवसीय मेले में गुरूवार को समापन के दिन रौनक परवान चढ़ी।

दूर-दूर से शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने लैला मजनू की मजार पर श्रद्धा से चद्दर चढ़ाकर सजदा किया। गुरूवार को अंतिम दिवस से गर्मी होने के बावजूद रौनक भरपूर रही। मेला परिसर के बाहर लगी खाने पीने, रेडिमेड, पेय पदार्थ, साज सज्जा, घरेलू सामान और सौन्दर्य प्रसाधनों की अस्थाई दुकानों ने मेले की रौनक पर चार चांद लगा दिए। मेला कमेटी के प्रधान ने बताया कि मेले में मुख्य आयोजनों की कड़ी में अखाड़ा लगाया गया, जिसमें कई स्थानों से गायकर आकर मेले में लोगों का मनोरंजन किया। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था भी की गई हैं। गौरतलब है कि प्रेमी जोड़ों के लिए मक्का मदीना कहे जाने वाले इस स्थान पर लोगों की मन्नतें पूरी होने के कारण राज्य के कोने-कोने से लोग यहां पहुंचते हैं। लैला मजनूं की मजार भारत-पाक की सीमा पर सरहद की कंटीली तारों से महज 10 किलोमीटर दूर बनी है।

## उद्यम प्रोत्साहन शिविर 22 को

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के औद्योगिक विकास में अनुसूचित जाति, जनजाति की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना- शुरू 22 से शुरू की गई है। जिला उद्योग महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने बताया कि योजना के तहत 25 लाख से कम के ऋण पर 9 प्रतिशत, 25 लाख से 5 करोड़ तक के ऋण पर 7 प्रतिशत एवं 5 करोड़ से 10 करोड़ तक के ऋण पर 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा। इसी तरह विनिर्माण क्षेत्र में 10 करोड़, सेवा क्षेत्र में 5 करोड़ और व्यापार क्षेत्र में 1 करोड़ रूपये तक का ऋण वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से मिलेगा।

# गिरफ्तारी नहीं करने पर थाने के सामने लगाया धरना

■ गांव धोलीपाल में घर में घुसकर मारपीट व फायर करने का मामला

**हनुमानगढ़,** (कासं)। गांव धोलीपाल में घर में घुसकर मारपीट करने, जातिसूचक गालियां निकालने और फायर करने के नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

पीड़ितों ने गुरूवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी के बैनर तले सदर पुलिस थाने के सामने विरोध-प्रदर्शन कर धरना शुरू कर दिया। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। डीवाईएफआई के वेद मक्कासर और मोहन लोहरा ने कहा कि 10 दिन पहले आपराधिक प्रवृति के लोगों ने गांव धोलीपाल में एक दलित परिवार के घर में घुसकर मारपीट की। जातिसूचक गालियां निकाली और फायरिंग की। इस घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पूरे गांव के दलित समाज के लोग अपने घरों से निकलने से डरने लगे हैं।

इस घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज होने के दस दिन बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया। जब वे जांच अधिकारी एससी/एसटी सीओ सेल से मिले तो उनका कहना था कि उन्होंने पत्र बनाकर सदर पुलिस थाना प्रभारी को सौंप दिया है।

सदर पुलिस ने अभी तक आरोपी पक्ष के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पर न्याय की कोई उम्मीद नजर नहीं आने पर उन्हें थाने के सामने धरना लगाने को मजबूर होना पड़ा है।

# अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा



गंगानगर में अतिरिक्त मुख्य अभियंता दीपक बंसल ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

■ ए.सी.ई. ने प्रगतिरत कार्यों को जेजेएम की गाइडलाइन तथा विभागीय गुणवत्ता नियंत्रण मैन्युल अनुसार करवाये जाने के निर्देश दिए

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की समीक्षा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वृत कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई। इसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता रीजन बीकानेर दीपक बंसल ने जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर निर्देश दिए।

अधीक्षण अभियंता मोहनलाल अरोड़ा ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य अभियंता दीपक बंसल ने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति पर विशेष चर्चा की। अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने सभी अभियंताओं को जेजेएम के कार्यों को गति प्रदान कर एफएचटीसी के निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति निश्चित समयावधि में करने एवं प्रगतिरत कार्यों को जेजेएम की गाइडलाइन तथा विभागीय गुणवत्ता नियंत्रण मैन्युल अनुसार करवाये जाने के निर्देश दिए।

साथ ही अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता द्वारा टाइम ओवर रन स्कीम्स के संवेदकों को कार्य की गति बढ़ाने हेतु नोटिस जारी कर अनुबंध की धारा 2 एवं 3 के अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सौ प्रतिशत हर घर जल ग्रामों को 21 जून को आयोजित आम ग्राम सभा में प्रमाणित करवाकर आईएमआईएस की साइट पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया। बजट घोषणा 2023 के अंतर्गत जिलें की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 ट्यूबवैल एवं 40 हैण्डपम्पों की स्थापना कर चालू करने के कार्यों की विधायक से हैण्डपम्प व ट्यूबवैल स्थापना हेतु स्थानों की सूचियां शीघ्र प्राप्त कर इन कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त करने के आदेश दिए।

इस मीटिंग में अधीक्षण अभियंता मोहन लाल अरोड़ा, अधिशासी अभियंता पुरुषोत्तम लाल, सतीश अरोड़ा, धर्मपाल चाहर, जितेन्द्र झाम, रवि बवेजा, सहायक अभियंता गिरीराज, संजय कुमार, जस राम, मनिंदर जीत सिंह, राकेश बिश्नोई उपस्थित थे।

# जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी



श्रीकोलायात में केश कला बोर्डअध्यक्ष महेन्द्र गहलोत ने बीकानेर में बनने वाले सैन समाज के छात्रावास के भूमि पूजन पर चर्चा की।

**बीकानेर,** (कासं)। केश कला बोर्ड के अध्यक्ष महेन्द्र गहलोत ने गुरूवार को श्रीकोलायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने झझु, सियाणा, नेणिया, नादडा, भेलू, खजोड़ा, खिंदासर, खिखनिया, हदां, खारिया पातावतान, उदट आदि गांवों में स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की। केशकला बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने बीकानेर में बनने वाले सैन समाज के छात्रावास के भूमि पूजन की तैयारियों को लेकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की तथा छात्रावास के माध्यम से समाज के युवाओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया।

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं एक से बढ़कर एक हैं, जिनसे हर वर्ग को राहत मिल रही है। चिरंजीवी योजना के अंतर्गत 25 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रूपये का दुर्घटना बीमा कवर दिया जा रहा है। कामधेनु पशु बीमा योजना के तहत अब गाय के साथ भैंस के बीमा का भी प्रावधान किया गया है। 100 यूनिट तक नि:शुल्क घरेलू बिजली मिलने से अधिकांश उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य हो गया है। इस दौरान प्रवक्ता ओम प्रकाश सैन, पंचायत समिति सदस्य घेवर सिंह, कोलायत सैन मंदिर अध्यक्ष शंकर लाल चौहान, पूर्व सरपंच भंवर खिखनिया, मनीराम मढ़, नरपत सेन, गणेश सैन, गोरधनराम, कुशल सिंह मौजूद थे।



*चक्रवाती तूफान ''बिपरजॉय'' शुक्रवार दोपहर बाद राजस्थान में प्रवेश करेगा। तूफान आने से 36 घंटे पहले ही इसका असर प्रदेश के कई इलाकों में दिखने लगा है। गुरूवार को राजधानी जयपुर समेत कई जिलों में बारिश हुई, वहीं कुछ जगहों पर बादल छाए रहे। मौसम विभाग का कहना है कि, प्रदेश में तूफान कुछ कमजोर होकर (डीप डिप्रैशन में बदलकर) प्रवेश करेगा। इसका असर 19 जून तक बना रहेगा तथा सर्वाधिक असर 17 जून को रहने के आसार हैं। उत्तरी राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू व आस-पास के कुछ जिलों में तूफान का असर अपेक्षाकृत कम रहेगा। वहीं ज्यादातर जिलों में अलग-अलग समय पर तूफान का असर रहेगा। जोधपुर, जालौर, बाड़मेर व पाली में तूफान का सर्वाधिक असर रहने की आशंका है। वहीं राज्य सरकार ने आपदा राहत के लिए टीमें तैनात कर दी हैं।*

# बंगाल में चुनाव आते ही फिर खूनी दौर शुरु !

## बंगाल में पंचायत चुनाव नामांकन के आखिरी दिन चार लोगों की गोली मारकर सरेआम हत्या

- **कोलकाता हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुये राज्य में पुलिस बलों को हटाकर तुरंत केन्द्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती के आदेश दिये**
- **प. बंगाल के माकपा सचिव सलीम मोहम्मद ने आरोप लगाया कि, तृणमूल कांग्रेस के गुण्डों ने हमारी पार्टी के एक उम्मीदवार के साथ नामांकन दाखिल करने जा रहे तीन कार्यकर्ताओं को गोली मार दी।**

कोलकाता, 15 जून। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन गुरुवार को राज्य के कुछ जिलों में हिंसा अपने चरम पर पहुंच गई, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। इसके बाद कोलकाता हाई कोर्ट ने चुनाव खत्म होने तक पूरे राज्य में केंद्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती का आदेश दिया है।

राज्य चुनाव आयोग (एस.ई.सी.) पर कड़ी टिप्पणी करते हुए, मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति उदय कुमार की खंडपीठ ने 48 घंटे के भीतर केंद्र से अर्धसैनिक बल बटालियन मांगने और उन्हें राज्य के हर हिस्से में तैनात करने को कहा, न कि, केवल उन सात जिलों को जिन्हें पहले संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया था। सिर्फ सात जिलों को पहले संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया था। ये जिले बीरभूम, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हुगली, मुर्शिदाबाद, पूर्वी मिदनापुर और जलपाईगुड़ी हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पंचायत चुनाव के लिए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस उम्मीदवारों का एक समूह नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बी.डी.ओ. कार्यालय की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कुछ हमलावरों ने तीन से चार लोगों को गोली मार दी, इन्हीं में से कई लोगों की मौत हो गई। प्रदेश माकपा सचिव मोहम्मद सलीम ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार और समर्थक नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे थे तभी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। उन्होंने आरोप लगाया कि, पश्चिम बंगाल पुलिस का एक वर्ग अभी भी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों के साथ सहयोग कर रहा है और प्रदेश चुनाव आयोग गैर-जिम्मेदार बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि ममता सरकार को उसके प्रशासन के गैर-जिम्मेदाराना और एकतरफा रवैये की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

गौरतलब है कि, गत 13 जून को मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने एस.ई.सी. को हिंसा की आशंका के मद्देनजर कानून और व्यवस्था की स्थिति का मूल्यांकन करने और संवेदनशील जिलों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में हिंसा देखने वाले केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात करने का आदेश दिया था। गुरुवार को एस.ई.सी. ने मुख्य न्यायाधीश की पीठ से केंद्रीय बल की तैनाती पर अपने आदेश पर पुनर्विचार करने की अपील की।

# दिल्ली में सुलह वार्ता के बाद पायलट खेमे के नेता का गहलोत सरकार के खिलाफ बड़ा बयान

## गहलोत सरकार के सैनिक कल्याण मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा, जो मुखर पायलट समर्थक हैं, ने कहा कि, नौजवानों की सुध नहीं ली तो सरकार आना नामुमकिन है

- **गुढ़ा ने कहा, ''नौजवान दस-दस साल तैयारी करता है पर पेपर लीक और इंटरव्यू सिस्टम से हार जाता है। अब तो इन नौजवानों को देखकर डर लगता है, क्योंकि अगले चुनाव में यही फैसला करेंगे।''**
- **गुढ़ा ने दावा किया, उनके चुनाव क्षेत्र में गत दो माह में बेरोजगारी के कारण 30 युवाओं ने जान दी है।**
- **उन्होंने कहा, सरकार गरीबों, बीमारों, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए चाहे जो करे पर नौजवानों की भी सुध ले, उन्हें प्रति माह 20,000 रू. बेरोजगारी भत्ता दिया जाना चाहिए।**

झुंझुनूं, 15 जून (निसं)। झुंझुनूं के उदयपुरवाटी से विधायक एवं सैनिक कल्याण मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने अपने बयान से अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। आर.पी.एस.सी. पर बड़ा आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा है कि, आर.पी.एस.सी. के रवैये और खराब ढांचे के कारण नौकरी की आस देख रहे युवा अपनी जान दे रहे हैं।

उदयपुरवाटी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि, राजस्थान का नौजवान परेशान है। उदयपुरवाटी विधानसभा में दो महीनों में 30 युवाओं ने जान दे दी है। सुसाइड केवल बेरोजगारी के कारण हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार चाहे बी.पी.एल., बुजुर्गों, दिव्यांगों, बीमारों के लिए कुछ भी करे, लेकिन, नौजवानों के लिए भी करना चाहिए। हर बेरोजगार को 20 हजार रूपए मासिक बेरोजगारी भत्ता दिया जाना चाहिए।

उन्होंने इस मौके पर कहा कि, रोज पेपर लीक हो जाते हैं, आर.पी.एस.सी. सदस्य और बाकी लोगों के बारे में सब जानते हैं। सचिन पायलट ने आर.पी.एस.सी. पुर्नगठन की बात कही है। पायलट ने कहा है कि, दो-तीन साल तक नौजवान नौकरी के लिए भटकता है और फिर पेपर लीक हो जाते हैं। लेकिन मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि 10-10 साल तक नौजवान कॉम्पटीशन की तैयारी करता है, नौकरी की आस रखता है, फिर पेपर लीक और इंटरव्यू सिस्टम से हार जाता है। इसलिए आर.पी.एस.सी. के रवैये और खराब ढांचे के कारण युवा सुसाइड कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, आने वाले चुनावों में 18 से 36 साल के युवा चुनाव का फैसला करेंगे। यदि नौजवानों की परेशानियों को दूर नहीं किया तो आने वाले समय में सभी को पता चल जाएगा।

गुढ़ा ने कहा कि, युवा कॉम्पटीशन की तैयारी में बैग लटकाए घूमते हैं, जब भी उन्हें देखते हैं तो डर लगता है। क्योंकि सरकार के खिलाफ वे गुस्से में हैं और सरकार बनाने का फैसला वो ही करने वाले हैं।

कहा जा रहा है कि, गुढ़ा इन दिनों पायलट खेमे में हैं और लगातार सरकार के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। दिल्ली में पायलट-गहलोत की सुलह बैठक के बाद, पायलट खेमे की तरफ से किसी नेता का यह सबसे बड़ा बयान है, जिसमें अप्रत्यक्ष रूप से नौजवानों की बात कहते हुए गुढ़ा कह रहे हैं कि, यदि नौजवानों की सुध नहीं ली गई तो सरकार आना मुश्किल क्या, नामुमकिन है।

ज्ञातव्य है कि, कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, कई बार नेताओं को सरकार विरोधी बयानबाजी ना करने के लिए निवेदन कर चुके हैं और सख्त लहजे में चेता भी चुके हैं। लेकिन, यहां पर रंधावा को भी कांग्रेस के नेता सीरियस तरीके से नहीं ले रहे हैं। बहरहाल, देखने वाली बात यह होगी कि गुढ़ा के इस बयान पर अब क्या होता है।

## गुजरात भाजपा...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

चुनावों में प्रमुख राज्यों का चुनाव प्रबंधन देखने के लिए चुना है। इनमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है। प्रधानमंत्री के चुनाव क्षेत्र वाराणसी के माइक्रो मैनेजमैंट में उनकी बड़ी भूमिका रही है, उसी दौरान मोदी की उन पर नजर पड़ी थी।

संभावना है कि मोदी की इच्छानुसार उन्हें उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया जा सकता है। उनका गुजरात में शानदार रिकॉर्ड है जहां पार्टी ने 182 में से 156 सीटें जीती थी और वोट प्रतिशत भी 49 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया।

मोदी ने खुद पाटिल की प्रशंसा की और भाजपा नेताओं व सांसदों से कहा कि अन्य राज्यों में चुनाव रणनीति बनाने के लिए पाटिल मॉडल अपनाएं।

मोदी की गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ओर संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष से चर्चा के बाद निर्णय लिया गया है कि यूपी ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों का चुनाव प्रबंधन पाटिल को सौंपा जाए।

पाटिल मोदी की उच्चस्तरीय टीम में शामिल हो सकते है और पार्टी को चुनाव अभियान देखने के लिए उन्हें केन्द्र में मंत्री भी बनाया जा सकता है।

# आप पार्टी ने राजस्थान व एम.पी चुनावों में कांग्रेस को बड़ा ऑफर दिया

- **आप पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, कांग्रेस दिल्ली और पंजाब छोड़ दे तो, हम राजस्थान और मध्यप्रदेश में चुनाव नहीं लड़ेंगे।**

नई दिल्ली, 15 जून। आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कांग्रेस को बड़ा ऑफर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अगर पंजाब और दिल्ली में चुनाव नहीं लड़ती है तो आप पार्टी भी राजस्थान और मध्य प्रदेश में इलेक्शन नहीं लड़ेगी। जब सौरभ भारद्वाज से पूछा गया कि कहा जा रहा है कि मध्यप्रदेश और राजस्थान में आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी, वहां कांग्रेस को नुकसान पहुंचाएगी। अगर दोनों पार्टियां एक-दूसरे के वोट काटेंगी, तो एक साथ आने का क्या मतलब है। इसके जवाब में आप के मंत्री ने कहा कि 2015 और 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीरो सीट आई थी, लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस यहां से चुनाव लड़ती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अगर ये कह दे कि वह पंजाब और दिल्ली में चुनाव नहीं लड़ेगी, तो हम भी राजस्थान और मध्य प्रदेश में हम भी चुनाव नहीं लड़ेंगे।

आप के मंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि इस पार्टी में न सिर्फ लीडरशिप का क्राइसिस है, बल्कि आइडिया का भी क्राइसिस है। कांग्रेस का लोगों से जुडाव इस तरीके से खत्म हो गया है कि उन्हें ये तक नहीं पता कि जनता क्या चाहती है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी अब देश की सबसे नई पार्टी से आइडिया और मैनीफेस्टो तक चुराने लगी है। क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि सारे मैनीफेस्टो झूठे होते है, इसलिए हमने इसे गारंटी कहा अब कांग्रेस ने इस शब्द गारंटी तक को चुरा लिया है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब आप पार्टी पहली बार यह बात लेकर आई कि, दिल्ली में हम 200 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे और 400 यूनिट तक आधे दाम पर लोगों को बिजली देंगे।

## 'हिंसा ग्रस्त ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

कूकी आदिवासियों को खत्म करने के साम्प्रदायिक एजेंडा पर चल रहे हैं। आई.ए. में कहा गया है कि सशस्त्र साम्प्रदायिक संगठन कुकी आदिवासियों का सफाया कर रहे हैं। उन्होंने अदालत से प्रार्थना की कि भारतीय सेना के माध्यम से इस जनजाति को संरक्षण प्रदान किया जाये क्योंकि सरकार और उसकी पुलिस से आदिवासियों का विश्वास उठ गया है। संगठन ने दलील दी कि पिछली सुनवाई में, सॉलिसिटर जनरल द्वारा दिये गये आश्वासनों के बावजूद, अभी तक कोई राहत प्रदान नहीं की गई है। फोरम ने आई.ए. में कहा है कि, ''इन आश्वासनों के दिये जाने के बाद, 81 कुकी आदिवासी मार दिये गये, 237 चर्च तथा 73 प्रशासकीय भवन/क्वार्टर जला दिये गये, 141 गाँव तबाह कर दिये गये तथा 31,410 कुकी अपने घरों से दूसरी जगह चले गए। अब सत्ता के आश्वासन किसी काम के नहीं रहे हैं। ये आश्वासन नितांत गैर गंभीर है, तथा इनकी क्रियान्विति तो सरकार का उद्देश्य ही नहीं है। फोरम ने केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा दिये गये आश्वासन को लेकर भी निराशा प्रकट की।

# विमान का पिछला हिस्सा जमीन से टकराया

- **अहमदाबाद में लैण्डिंग के वक्त इंडिगो एयरलाइन्स का विमान हादसे का शिकार होते बाल-बाल बच गया। इंडिगो एयरलाइन्स के साथ एक हफ्ते में इस तरह की यह दूसरी दुर्घटना है।**

नई दिल्ली, 15 जून। इंडिगो की एक फ्लाइट को गुरुवार (15 जून) को गुजरात के अहमदाबाद में लैंडिंग के दौरान टेल स्ट्राइक का सामना करना पड़ा। फ्लाइट बेंगलुरु से अहमदाबाद जा रही थी। इस फ्लाइट को सुरक्षित रूप से उतारा गया है और ग्राउंडेड घोषित किया गया है। फ्लाइट में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। इंडिगो ने अपने बयान में कहा कि बेंगलुरु से अहमदाबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट अहमदाबाद में उतरते समय टेल स्ट्राइक का शिकार हो गई। आवश्यक आंकलन और मरम्मत के लिए विमान को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर ग्राउंडेड घोषित कर दिया गया। एयरलाइंस ने कहा कि संबंधित अधिकारियों की ओर से घटना की जांच की जा रही है।

इससे पहले 11 जून को दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान इंडिगो के एक प्लेन का पिछला हिस्सा जमीन से टकरा गया था। डी.जी.सी.ए. ने कहा है कि हादसे के बाद विमान की उड़ान पर रोक लगा दी गई है और घटना की जांच की जा रही है। कोलकाता से आया प्लेन दिल्ली एयरपोर्ट पर लैण्ड कर रहा था। इंडिगो का विमान 321-252 एयरक्राफ्ट फ्लाइट संख्या- 6-6183 की उड़ान पर कोलकाता से दिल्ली आ रहा था।

## ''कैंसलेशन ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

हस्तक्षेप के बाद, दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ पोक्सो केस दर्ज किया था।

पहलवान, सिंह के खिलाफ फर्स्ट इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) दर्ज कराये जाने की मांग करने के लिये दिल्ली के राउज़ अवेन्यू डिस्ट्रिक्ट के एक मैजिस्टीरियल कोर्ट में भी गये थे।

स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस ने इंडियन पेनल कोड (आई.पी.सी.) की धाराओं 354 (आउटरेजिंग मॉडेस्टी), 354 ए (सैक्सुअली कलर्ड रिमार्क्स), 354 डी (स्टॉकिंग) तथा 506 (1) (क्रिमिनल इन्टिमिडेशन) के तहत आरोप पत्र पेश किया है। लेकिन उन्होंने कहा कि नाबालिग पहलवान द्वारा सिंह के खिलाफ लगाये गये आरोपों को वापस लिये जाने को ध्यान में रखते हुये, पुलिस ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेन्सेज (पी.ओ.सी.एस.ओ.-पोक्सो) एक्ट के तहत अपराधों के सिलसिले में दर्ज किये गये केसों में कैन्सिलेशन रिपोर्ट पेश कर दी है अर्थात नाबालिग पहलवान का केस रद्द करने की सिफारिश की है।

# गुजरात तट से टकराया सायक्लोन बिपरजॉय, 125 कि.मी. की रफ्तार से हवायें चली

## आठ राज्यों में अलर्ट जारी किया गया, गुजरात में सायक्लोन के कारण पेड़ व बिजली के पोल उखड़े, कई इलाकों में बिजली काटी गई

- **गुजरात (कच्छ) के तटीय इलाकों से एक लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है।**
- **सायक्लोन बिपरजॉय के खतरे को देखते हुए, केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक, सब अलर्ट मोड पर हैं। गुजरात में एन.डी.आर.एफ. की 17 टीमें और एस.डी.आर.एफ. की 12 टीमें तैनात हैं। वहीं, नौसेना के 4 जहाज स्टैंडबाय पर रखे गए हैं।**

नई दिल्ली, 15 जून। सायक्लोन बिपरजॉय गुरुवार शाम को गुजरात पहुंच चुका है। सौराष्ट्र तट पर सायक्लोन का लैण्डफॉल भी शुरू हो चुका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि, आधी रात तक लैण्डफॉल प्रक्रिया जारी रहेगी। सायक्लोन के कारण गुजरात के तटीय इलाकों में बेहद तेज हवाएं चलनी शुरु हो गईं। गुजरात (कच्छ) के तटीय इलाकों से एक लाख लोगों को तट के किनारे से निकाल सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। मछुआरों को समुद्र में ना जाने की सलाह दी गई है। साबरमती रिवर फ्रंट और द्वारकाधीश मंदिर को बंद कर दिया गया। यह सायक्लोन कच्छ और पाकिस्तान के सिंध के तट से टकराएगा। बीते 60 सालों में यह तीसरा तूफान है, सायक्लोन बिपरजॉय जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, इसका असर तेज होता दिखाई दे रहा है। सायक्लोन बिपरजॉय के 15 जून से तबाही मचाने की आशंका के बीच 8 राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। नेवी, एयरफोर्स, सेना, एन.डी.आर.एफ. समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

सायक्लोन के कारण कच्छ के तटीय इलाकों में 115-125 कि.मी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रहीं थीं। गुरुवार शाम को सौराष्ट्र के सभी इलाकों में भारी बारिश भी हुई। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य रात्रि तक लैंडफॉल जारी रहेगा। इसके बाद सायक्लोन थोड़ा कमजोर होकर राजस्थान की ओर मुड़ जाएगा। सायक्लोन के कारण दिल्ली, उत्तर प्रदेश व राजस्थान सहित देश के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है। हालांकि, उससे पहले कच्छ, जामनगर और द्वारका में तेज हवाओं के चलते इलेक्ट्रिक पोल्स और पेड़ों के गिरने की तस्वीरें सामने आई है।चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के खतरे को लेकर केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक सब अलर्ट पर हैं। गुजरात में एन.डी.आर.एफ. की 17 टीमें और एस.डी.आर.एफ. की 12 टीमें तैनात हैं। वहीं, नौसेना के 4 जहाज अभी स्टैंडबाय में रखे गए हैं।

## एक साल में चीन में ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

आज भी है।

युवा वर्ग कह रहा है कि उनकी पीढ़ी आखिरी है। वे स्वतंत्र समाज में नहीं रह सकते है। ये युवा लोग ऐसे प्रतिबंधित समाज में अपने बच्चों का पालन-पोषण नहीं करना चाहते है।

युवा महिलाओं के शादी से विमुख होने का एक बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि पारम्परिक चीनी समाज में अभी भी महिलाओं से एक आज्ञाकारी पत्नी की भूमिका निभाने की उम्मीद की जाती है और युवा महिलाएं इसे सहने को तैयार नहीं है। वे अविवाहित रह कर करियर और नए अवसर तलाश करना ज्यादा पसंद करती हैं।

चीन के आर्थिक विकास के कारण महिलाओं के लिए भी करियर के नए दरवाजे खुल गए हैं। इस तरह की नौकरियों से उन्हें ऐसा आरामदायक जीवन जीने का अवसर मिलता है जिसमें पारिवारिक मांगों के आगे सिर झुकाने की जरुरत नहीं होती है। चीन के समाज में स्त्री-पुरुष के भेद में तेजी से कमी आई हैं। युवा महिलाएं स्वयं को ज्यादा सशक्त महसूस करने लगी हैं।

लेकिन इन सभी सामाजिक परिवर्तनों को देखें तो इस बात से इंकार नहीं है कि बढ़ती युवा बेरोजगारी की वजह से ये बदलाव हो रहे हैं।

शादी में कमी आने का बड़ा कारण है युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी जो 20 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा उपलब्ध रोज़गार और उससे जुड़ी आकांक्षाओं में भी भारी अंतर है। भारी बेरोजगारी का असर कई क्षेत्रों में दिख रहा है, इसका एक असर है धर्म के प्रति बढ़ता रूझान।

खबरें हैं कि ज्यादा से ज्यादा युवा वर्ग बौद्ध वताओ मंदिरों में जा रहे है तथा करियर व अच्छे भविष्य के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

# घबराइये नहीं, हवाई यात्रा के दौरान...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

मुद्दा भी बहुत महत्वपूर्ण हो गया है बाजारों के 4700 यात्रियों के सर्वे में पता चला कि 87 प्रतिशत यात्री मानते हैं कि हवाई यात्रा क्रिटिकल है और हमें हवाई जहाज यात्रा का ऐसा तरीका ढूंढना होगा कि यात्रा बिना बाधा के पूरी हो, सर्वे में शामिल 88 प्रतिशत यात्रियों ने कहा कि हवाई यात्रा का समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है वहाँ 82 प्रतिशत ने माना कि यू.एन. के सतत विकास लक्ष्यों में उड्डयन का महत्वपूर्ण योगदान है। सर्वे के अनुसार 91 प्रतिशत हवाई यात्रा को आधुनिक जरूरत मानते है और 81 प्रतिशत यात्री महामारी से पूर्व के दिनों की तुलना से आज के दौर में ज्यादा हवाई यात्रा करने की सुविधा दिए जाने की सराहना करते है।

मास्क की अनिवार्यता खत्म होने के बाद यात्रियों की बात नहीं मानने की घटनाएं कम हो गई थीं पर वर्ष 2022 में ऐसी घटनाओं में फिर से वृद्धि हुई है। अवज्ञा करने के सबसे आम उदाहरण थे:

* सिगरेट, ई सिगरेट, पफ्स, वेपर का केबिन या शौचालय में इस्तेमाल।
* निर्देश दिए जाने पर भी सीट बैल्ट बांधने में भी देरी करना।
* जरूरत से ज्यादा सामान ले जाना या आवश्यकता पड़ने पर सामान स्टोर नहीं करवाना।
* विमान में शराब पीना।

आई.ए.टी.ए. कहता है कि, उद्दंड व्यवहार के प्रति ज़ीरो टॉलरैंस की जरुरत है और इसके लिए एक ''टू पिलर'' रणनीति है। इसे ऐसी घटनाओं की वृद्धि रोकने की कायदे कानून बनाए गए हैं। इसमें सरकारों से आश्वासन लिया जाता है कि वे उद्दण्ड यात्रियों पर कानूनी कार्यवाही करेंगे चाहे वे यात्री कहीं के भी हो। इसके लिए शक्तियां भी दी गई है। ऐसे अधिकारी एम.पी. 14 में है और आई.ए.टी.ए. का सभी देशों से आग्रह है कि इसे जल्द से जल्द मान्यता प्रदान करें। अभी तक 45 देशों ने इसे स्वीकार किया है। विश्व का 33 प्रतिशत हवाई यातायात इन देशों से संबंधित है।

ज़मीन पर, जैसे हवाई अड्डों, बार रैस्त्राँ, व ड्यूटी फ्री दुकानों पर, औद्योगिक पार्टनर्स के सहयोग से उद्दण्ड व्यवहार के दुष्परिणाम पर जागरुकता अभियान चलाए जा सकते हैं। आई.ए.टी.ए. केबिन क्रू को इन घटनाओं को रोकने के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। इसने 2022 के आरंभ में नए निर्देश जारी किए थे और विभिन्न एयरलाइन्स में इन घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रयुक्त तौर तरीकों की जानकारी जुटाई और जन जागरुकता पर सरकारों को व्यवसायिक समाधान बताए जैसे तुरंत जुर्माना करना आदि।

क्लिफर्ड ने कहा कि उद्दण्डता की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सरकारें व उद्योग ज्यादा गंभीर कदम उठा रहे है। अधिकांश देश एम.पी. 14 को मान्यता दे रहे हैं और कानून क्रियान्वयन के तरीके पर ध्यान दे रहे हैं और स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि अब सरकारें उद्दण्ड लोगों पर मुकदमा चलाने को तत्पर है।

उद्योगों के स्तर पर भी ज्यादा सहयोग की जरुरत है क्योंकि दुव्यर्वहार की अधिकांश घटनाएं उड़ान से पहले शराब पीने से होती है। एयरपोर्ट की बार व रैस्त्रां की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि यात्री ज्यादा शराब ना लें। क्लिफर्ड ने कहा कि कोई भी यात्रियों को मौज मजा करने से रोकना नहीं चाहता पर हम सब की जिम्मेवारी है कि वे अन्य यात्रियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो। बहुत के लिए हम ऐसे चंद यात्रियों पर कार्यवाही करने से नहीं हिचकेंगे जो हर किसी के लिए परेशानी पैदा करते हैं।

## राहुल गांधी...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

उचित खाका उपलब्ध नहीं है।

खड़गे टीम, 2024 बनाना चाहते हैं लेकिन गांधी परिवार की सहमति/स्वीकृति के बिना ऐसा करना मुश्किल है। कुल मिलाकर, राहुल के विदेश से लौटने पर ही कुछ जवाब मिल सकते हैं।

## यूनिफॉर्म सिविल ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

ने ही की थी, ने ''कन्सल्टेशन पेपर ऑन रिफॉर्म ऑफ फैमिली लॉ'' के पृष्ठ 182 पैरा 1.15 में स्वयं ही उपरोक्त बात कही थी। आयोग ने अपनी यह रिपोर्ट 31 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत की थी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आगे कहा, ''जहां भारतीय संस्कृति की विविधता का गुणगान किया जाना चाहिये, वहीं समाज के विशिष्ट या कमजोर वर्गों से उनके विशेषाधिकार इस प्रक्रिया से छीने नहीं जाने चाहिये। इस द्वंद्व के समाधान का अर्थ सभी अन्तरों को समाप्त कर देना नहीं है।

इसीलिये उस आयोग ने समान नागरिक संहिता, जो इस स्थिति में न तो आवश्यक है और न वांछनीय, उपलब्ध कराने के बजाय, उन कानूनों पर विचार करना उचित समझा था, जो भेदभावपूर्ण हैं। ज्यादातर देश अब अन्तर को मान्यता देने की दिशा में बढ़ रहे हैं तथा अन्तरों के अस्तित्व मात्र का अर्थ भेदभाव नहीं होता है, बल्कि ये तो सुदृढ़ लोकतंत्र के परिचायक होते हैं।''

''विधि आयोग ने पिछले दशकों में राष्ट्रीय महत्व के अनगिनत मुद्दों पर ईर्ष्या करने योग्य काम किया है।

इस (आयोग का) को उस विरासत को ध्यान में रखना चाहिये तथा याद रखना चाहिये कि राष्ट्र का हित भाजपा की राजनैतिक महत्वकांक्षाओं से प्रथक चीज है।''

22वें लॉ कमीशन ऑफ इंडिया ने बुधवार को एक नोटिस जारी करके इस विषय पर जनात एवं धार्मिक संगठनों के विचार मांगे हैं। नोटिस में कहा गया है कि इच्छुक तथा इस विषय में रूचि रखने वाले लोग और संगठन अपने विचार 30 दिन के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं।

ोमार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

**MARUTI SUZUKI ARENA**

अमृत उत्सव

# इस बेहतरीन अवसर का फ़ायदा उठाएं!

# जल्दी करें!

ज़ीरो रजिस्ट्रेशन खर्च^

ज़ीरो डाउन पेमेंट^




## अविश्वसनीय कीमतें

| ALTO K10 | S-PRESSO | | CELERIO | |
|---|---|---|---|---|
| ₹5 09 999* | ₹5 59 999* | ₹6 49 999* | ₹5 99 999* | ₹7 09 999* |
| VXI | VXI+ | VXI CNG | VXI | VXI CNG |

ALTO K10 S-PRESSO CELERIO

**E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership**

**MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. **AURIC MOTORS**: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **AJMER: RELAN MOTORS**: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. **SANGA AUTONATION:** 9057809150, 7734901000. **ALWAR: MG MOTORS:** 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: 8955664400. **CHURU: TRS CHURU:** 9356501550. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.

*Applicable Terms and conditions available at Maruti Suzuki Arena authorized dealer. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th June 2023 or till stocks last. Offers applicable on selected models and selected cities. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purpose only. Offers shown above include Consumer Offer and Exchange Bonus. Prices mentioned are tentative and might vary basis applicable offers and registration cost. ^All loans and schemes are at the sole discretion of the Finance Partner.